वर्ष : 18 अंक: 146 ग्वालियर • शुक्रवार 27 जून 2025 • पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.




दैनिक
मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित

# चम्बल सुर्खी

उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष
निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता

आज का तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

## संक्षिप्त समाचार

### भारत ने ब्रिक्स समूह में की ईरान पर किए गए हमलों की निंदा, पीएम मोदी शामिल होंगे सम्मेलन में

**नई दिल्ली, (ए.)।** ईरान पर हुए इजरायली ताबड़तोड़ हमलों पर भारत ने अपना स्टैंड साफ कर दिया है। भारत ने ब्रिक्स (बिक्र्स) देशों के समूह के साथ मिलकर ईरान पर हमलों की निंदा की। ब्रिक्स ने इन हमलों को अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन बताया है। बता दें कि भारत ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की ओर से जारी बयान से खुद को 10 दिन पहले अलग किया था, जिसमें इजरायल की ओर से किए गए सैन्य हमलों की निंदा की गई थी। अब भारत ने मामले में अपना रुख साफ कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5-6 जुलाई को रियो डि जेनेरो (ब्राजील) में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं। उधर ईरान ने भारत के उन नागरिकों, राजनीतिक दलों और संस्थानों के प्रति आभार व्यक्त किया है जिन्होंने मुश्किल समय में उनके देश का साथ दिया। ब्रिक्स ने संयुक्त बयान जारी कर ईरान पर हुए सैन्य हमलों पर गंभीर चिंता जाहिर की है। ब्रिक्स का मानना है कि ये हमले संयुक्त राष्ट्र के चार्टर का उल्लंघन हैं। इससे मध्य पूर्व में स्थिति और खराब हो सकती है। ब्रिक्स ने न्यूक्लियर साइट्स पर हमलों पर भी चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि परमाणु सुरक्षा उपायों का हमेशा पालन होना चाहिए। ब्रिक्स देशों ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और प्रभावित नागरिकों के साथ एकजुटता दिखाई। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए ब्राजील जाएंगे। सम्मेलन में दुनिया के कई बड़े नेता शामिल हो रहे है। वे सब मिलकर दुनिया की समस्याओं पर बात करने और उन्हें हल करने की कोशिश करने वाले है। ईरान ने भारत के समर्थन के लिए धन्यवाद दिया है। ईरान का कहना है कि भारत हमेशा मुश्किल समय में उसके साथ खड़ा रहा है।

### आचार संहिता उल्लंघन के मामले में अदालत में पेश हुए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी

**मुंगेर, (ए.)।** 2014 के लोकसभा चुनाव से जुड़े आचार संहिता उल्लंघन के मामले में गुरुवार को उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित कुल पांच आरोपितों के विरुद्ध आरोप गठित किया। इस लेकर उप मुख्यमंत्री सहित सभी पांच आरोपित न्यायालय में उपस्थित हुए। जहां न्यायालय ने बिना प्रशासनिक स्वीकृति के आम सभा आयोजित करने और जुलूस निकालने के मामले में आरोप सभी पांचों के विरुद्ध गठित किया गया। हालांकि, मामले में कुल आठ लोगों के खिलाफ नामजद केस दर्ज हुआ था। इसमें से तीन लोग की मृत्यु हुई है। इसमें दो पूर्व विधायक नेता चौधरी और गणेश पासवान सहित एक अन्य आरोपित शामिल हैं। वहीं, जिन पांच लोगों के खिलाफ आरोप गठित किया गया है उसमें उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उदय नारायण चौधरी, समीर मधुकर, दिवाकर तथा योगेंद्र शामिल हैं।

### नौसेना मुख्यालय का कर्मचारी पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार

**नईदिल्ली,ए।** दिल्ली स्थित नौसेना मुख्यालय का एक कर्मचारी पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान विशाल यादव के तौर पर हुई है। यादव हरियाणा का रहने वाला है और मुख्यालय में डॉकयार्ड निदेशालय में क्लर्क के रूप में तैनात है। यादव पर आरोप है कि वह पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए कई वर्षों से काम कर रहा था और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी उसने कई गुप्त सूचनाएं पाकिस्तान को दी हैं। महीनों निगरानी के बाद राजस्थान की खुफिया पुलिस ने उसे आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम, 1923 के तहत गिरफ्तार किया है।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि राजस्थान की खुफिया इकाई पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों की जासूसी गतिविधियों पर नजर रख रही थी। तभी जांच के दौरान पता चला कि यादव ने नौसेना और अन्य रक्षा इकाइयों से जुड़ी गोपनीय जानकारियों को एक महिला को मुहैया कराकर पैसे लिए हैं। महिला पाकिस्तानी हैंडलर थी, जिससे यादव सोशल मीडिया के जरिए संपर्क में था। अभी तक जांच में सामने आया है कि जिस महिला के साथ यादव कथित तौर पर सामरिक जानकारी साझा कर पैसे ले रहा था, उसका नाम प्रिया शर्मा है। पुलिस का कहना है कि विशाल यादव ऑनलाइन गेम खेलता है, जिससे उसने काफी पैसा लुटा दिया है। उसकी भरपाई के लिए वह जासूसी कर पैसे जुटा रहा था। उसे क्रिप्टोकरेंसी ट्रेडिंग अकाउंट और सीधे बैंक खातों के जरिए पैसे मिल रहे थे। उससे पूछताछ की जा रही है।

**कांग्रेस सांसद भगत ने कहाः** आयोग की भूमिका हमेशा संदेह के घेरे में रही

## राहुल गांधी का चुनाव आयोग से सवाल पूछना कुछ लोगों को नहीं हो रहा हजम

**नई दिल्ली, (ए.)।** कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने गुरुवार को कहा कि जिस अंदाज में राहुल गांधी चुनाव आयोग से सवाल पूछ रहे हैं वह कुछ लोगों को रास नहीं आ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र चुनाव में मैच फिक्सिंग हुई है और राहुल गांधी ने इस मुद्दे की ओर पूरे देश का ध्यान खींचा है। उन्होंने कहा कि इस बात को खारिज नहीं किया जा सकता है कि चुनाव आयोग की भूमिका हमेशा से ही संदेह के घेरे में रही है। राहुल गांधी भी इस मुद्दे को हमेशा उठाते रहे हैं।

कांग्रेस नेता भगत ने दावा किया कि महाराष्ट्र में मैच फिक्सिंग हुई है, जिसमें चुनाव आयोग की भी भूमिका रही है, और इसी मुद्दे को राहुल गांधी उठा रहे हैं, जिसे कुछ लोग हजम नहीं कर पा रहे हैं। हम इस मुद्दे को लगातार उठाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में गड़बड़ी



हुई। इसे लेकर हमने आयोग से कई साक्ष्य मांगे थे, लेकिन आयोग ने हमारी मांग नहीं मानी। हम चाहते हैं कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता बरकरार रहे और उसकी गरिमा पर किसी भी प्रकार का कुठाराघात नहीं लगे। अगर ऐसा हुआ, तो हम इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेंगे।

वहीं भारत-पाक सीजफायर को लेकर उन्होंने इसे सही नहीं बताया। भगत ने कहा कि आतंकवाद को एक सभ्य समाज में किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। आतंकवाद को वैश्विक मोर्चे पर हम सभी को परास्त करने के लिए एकजुट होना ही होगा, तभी जाकर हम सभी को इसमें अपेक्षित सफलता मिल पाएगी और इस दिशा में हमें सफलता मिली भी है। उन्होंने कहा कि इस बात को खारिज नहीं किया जा सकता है कि चाहे वो इजराइल और ईरान के बीच युद्ध हो या फिर रूस-यूक्रेन, भारत ने दोनों ही स्थिति में अहम भूमिका निभाई। भारत बढ़त की स्थिति में रहा, लेकिन पाकिस्तान के साथ स्थिति बिल्कुल उलट रही। पहले हम पाकिस्तान पर हावी हुए, लेकिन जब मसला सीजफायर का आया, तो कहीं ना कहीं हमारी भूमिका कमतर साबित हुई, जिसे लेकर आज भी केंद्र की मोदी सरकार से देश की जनता सवाल पूछ रही है, लेकिन केंद्र सरकार इस सवाल का जवाब देने से बच रही है।

## आज से शुरु हो रही जगन्नाथ रथ यात्रा, 8 जुलाई तक चलेगी

### -भगवान जगन्नाथ, भाई और बहन के साथ मौसी के घर गुंडिचा जाएंगे

**पुरी, (ए.)।** ओडिशा के पुरी में विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर से आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष में रथ यात्रा निकाली जाती है। इस साल जगन्नाथ रथ यात्रा की शुरूआत 27 जून यानी शुक्रवार से होगी। इस दिन भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ अलग-अलग रथों पर सवार होंगे। वे तीनों रथों पर सवार होकर मौसी के घर गुंडिचा जाएंगे। भगवान जगन्नाथ रथ नंदीघोष पर भाई बलभद्र रथ तालध्वज पर और सुभद्रा रथ दर्पदलन पर सवार होंगी।

जगन्नाथ रथ यात्रा 27 जून से शुरू होकर 8 जुलाई तक चलेगी। यह यात्रा का कार्यक्रम 12 दिन का है। रथ यात्रा की तैयारी और पहले से ही शुरू हो जाती है। पंचांग के मुताबिक जगन्नाथ रथ यात्रा की



शुरुआत आषाढ़ शुक्ल द्वितीया ति??थि से होती है। इस साल आषाढ़ शुक्ल द्वितीया ति??थि 26 जून को दोपहर 1=24 मिनट से लेकर 27 जून को 11=19 मिनट तक है। उदयातिथि के आधार पर आषाढ़ शुक्ल द्वितीया ति??थि 27 जून को है। इसलिए जगन्नाथ रथ यात्रा की शुरुआत 27 जून से होगी।

यात्रा के शुभारंभ के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग, पुनर्वसु और पुष्य नक्षत्र होंगे। सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 5=25 से 7=22 तक है। उसके बाद से पुष्य नक्षत्र है। इस दिन का शुभ समय यानि अभिजीत मुहूर्त सुबह 11=56 से दोपहर 12=52 तक है।

## फिनटेक के साथ फास्टैग इकोसिस्टम का किया जाएगा विस्तार, बढ़ेंगी सुविधाएंः गडकरी



**नई दिल्ली, (ए.)।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि फास्टैग इकोसिस्टम में न केवल टोलिंग के लिए है बल्कि पूरे देश में निर्बाध डिजिटल यात्रा अनुभवों के आधार के रूप में अपार संभावनाएं भी इसमें मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि फिनटेक और अन्य हितधारकों के साथ सहयोग के जरिए हमारा लक्ष्य फास्टैग की उपयोगिता को एक मजबूत मंच देना है, जो उपयोगकर्ता की सुविधा को बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि 98.5 फीसदी टोल पेमेंट के साथ, नेशनल इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन (एनईटीसी) फास्टैग प्रोग्राम 1,728 टोल प्लाजा पर संचालित होता है। इसके अलावा, 38 से ज्यादा बैंकों ने डिजिटल भुगतान का समर्थन करते हुए 11.04 करोड़ फास्टैग जारी किए हैं। केंद्र सरकार ने पिछले सप्ताह कारों के लिए 3,000 रुपए की कीमत वाले फास्टैग वार्षिक पास की शुरुआत की घोषणा की है, जो इस साल 15 अगस्त से प्रभावी होंगे। फास्टैग सिस्टम के इनोवेटिव एप्लीकेशन का पता लगाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा प्रमोटेड कंपनी इंडियन हाईवेज एंड मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (आईएचएमसीएल) द्वारा दिल्ली में फिनटेक कंपनियों के साथ एक वर्कशॉप आयोजित की गई थी। वर्कशॉप का उद्देश्य विकास के अगले चरण का समर्थन करने के लिए नियामक अनुपालन, शिकायत निवारण, सुरक्षा और फास्टैग के गैर-टोल एप्लीकेशन जैसे पहलुओं पर अग्रणी फिनटेक प्लेयर्स से जानकारी जुटाना था। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि इस वर्कशॉप में प्रस्तुतियां और चर्चाएं डिजिटल रूप से सशक्त राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क का मार्ग प्रशस्त करेंगी, जिससे देश के हर यात्री को लाभ मिलेगा।

## अमरनाथ यात्रा को लेकर बालटाल बेस कैंप में सुरक्षा बलों की मॉक ड्रिल

**श्रीनगर, (ए.)।** 3 जुलाई से शुरू हो रही अमरनाथ यात्रा की तैयारी के लिए बालटाल बेस कैंप में सुरक्षा बलों ने मॉक ड्रिल की। जिसमें जम्मू-कश्मीर पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, 49 बटालियन सीआरपीएफ, सेना, स्वास्थ्य विभाग और फायर बिग्रेड सहित कई एजेंसियों ने हिस्सा लिया। ये सभी संभावित आतंकी हमलों, प्राकृतिक आपदाओं के आने पर तीर्थयात्रियों को सुरक्षित निकालने की तैयारियों की जांच कर रहे थे।


दोनों रूट पर फेस रिक्गनिशन सिस्टम

इधर, इस साल अमरनाथ यात्रा को लेकर सुरक्षा एजेंसियों ने यात्रा रूट के जंगलों में बने ढोक (झोपड़ियों) की प्रोफाइलिंग व जियो टैगिंग शुरू की है। वन विभाग पुलिस वैरिफिकेशन के बिना यात्रा रूट पर अब किसी ढोक को बनाने की परमिशन नहीं देगा। संदिग्ध झोपड़ियों पर यूएवी सर्विलांस, मोबाइल जैमर और एआई-सक्षम ट्रैकिंग लागू की जा रही है।

गौरतलब है कि अमरनाथ यात्रा में 3 जुलाई से 9 अगस्त तक चलेगी। पहलगाम आतंकी हमले को देखते कई नए इंतेजाम किए जा रहे हैं।

दोनों रूट पर फेस रिक्गनिशन सिस्टम (एफआरएस) लगाया गया है। यह सिस्टम ब्लैक लिस्टेड लोगों और घाटी में सक्रिय आतंकियों के कैमरे में आते ही सुरक्षा बलों को अलर्ट करेगा। आतंकियों और संदिग्ध ओवरग्राउंड वर्कर्स की तस्वीरें सिस्टम में अपलोड की गई हैं। काफिले की सुरक्षा के लिए पहली बार जैमर लग रहे हैं, इससे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) सुरक्षा प्रदान करेगी। सशस्त्र बलों की 581 कंपनियां तैनात की जाएगी। करीब 42000 से 58,000 जवान तैनात किए जा रहे है। यात्रा रूट पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए 156 कंपनियां पहले से जम्मू-कश्मीर में तैनात थीं, जबकि 425 नई कंपनियों को 10 जून तक तैनात किया जाएगा।

## आपातकाल दुर्भाग्यपूर्ण था, पूर्व पीएम इंदिरा गांधी ने मांगी थी माफी

### शरद पवार बोले-आज भी मीडिया में सरकार की आलोचना को अच्छा नहीं मानते

**मुंबई, (ए.)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा है कि देश में 50 साल पहले लगाया गया आपातकाल दुर्भाग्यपूर्ण था, लेकिन पूर्व पीएम इंदिरा गांधी ने इसके लिए माफी मांगी थी। मुंबई में एक कार्यक्रम में शरद पवार ने इस बात पर जोर दिया कि नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना एक पवित्र कार्य है और लोगों को आज भी इनकी रक्षा के प्रति सतर्क रहने की जरूरत है।



एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने याद दिलाया कि समाजवादी दिग्गजों जॉर्ज फर्नांडिस, चंद्रशेखर और मधु दंडवते से परामर्श के बाद 1978 में महाराष्ट्र में सरकार में परिवर्तन किया गया और वह सीएम बने। केंद्र में बीजेपी नीत सरकार का जिक्र करते हुए पवार ने कहा कि मौजूदा सरकार की आलोचना को अस्वीकार्य माना जाता है। उन्होंने कहा कि आज हमें सावधान रहना होगा। आज भी मीडिया में सरकार की आलोचना को अच्छा नहीं माना जाता है। पत्रकारों को धमकाया जाता है। घोषित और अघोषित आपातकाल में फर्क होता है।

उन्होंने आम नागरिकों से किसी भी कीमत पर संसदीय लोकतंत्र को संरक्षित और सुरक्षित रखने के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया। वरिष्ठ समाजवादी नेता दिवंगत जॉर्ज फर्नांडिस की तारीफ करते हुए पवार ने कहा कि वह एक श्रमिक संघ के नेता से केंद्र में मंत्री बने थे। पवार ने आपातकाल को दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताया, लेकिन साथ ही कहा कि इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार ने मौलिक अधिकारों पर अंकुश लगाने, असहमति को दबाने, सामूहिक गिरफ्तारियां करने और प्रेस सेंसरशिप जैसे उपायों को लागू करने के लिए माफी भी मांगी थी।

## रुद्रप्रयाग में अलकनंदा में गिरी तीर्थ यात्रियों की बस, 20 लोग थे सवार, 3 की मौत, 9 लापता

**रुद्रप्रयाग,ए.।** उत्तराखंड में भयानक हादसा हुआ है. बदरीनाथ नेशनल हाईवे पर घोलतीर में एक बस अलकनंदा नदी में गिर गई है. इस हादसे से हड़कंप मच गया है. बस उफनती अलकनंदा नदी में समा गई है. इस बस में 19 तीर्थ यात्री बताए जा रहे हैं. चालक समेत कुल 20 लोग सवार थे. 3 यात्रियों की मौत की खबर है.

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस हादसे के दौरान 10 लोग छिटककर पहाड़ी पर अटक गए. 3 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई है. बाकी 9 लोगों की खोजबीन जारी है. राहत और बचाव दल मौके पर पहुंच गए हैं. हादसा तब हुआ जब बदरीनाथ नेशनल हाईवे पर घोलतीर के पास एक बस अनियंत्रित होकर सीधे अलकनंदा नदी में समा गई. यह गाड़ी तीर्थयात्रियों को लेकर बदरीनाथ धाम की ओर जा रही थी. हादसे के दौरान इसमें सवार 10 यात्री पहाड़ी पर ही छिटक गए और घायल हो गए, जबकि अन्य यात्रियों के बस के साथ नदी में जा गिरे. दुर्घटना की सूचना मिलते ही घोलतीर पुलिस चौकी से पुलिस बल और रुद्रप्रयाग से एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया. नदी का तेज बहाव राहत और बचाव कार्य में चुनौती बना हुआ है. बचाव टीम लगातार प्रयास कर रही है. स्थानीय ग्रामीणों ने भी राहत और बचाव कार्य में सहयोग किया है. हादसे के बाद से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल है. रुद्रप्रयाग पुलिस ने जो बयान जारी किया है, उसके अनुसार आज सुबह लगभग 08:00 बजे सूचना प्राप्त हुई कि जनपद रुद्रप्रयाग के घोलतीर के निकट स्टेट बैंक मोड़ के पास एक वाहन (बस संख्या यूके08 पीए 7444) दुर्घटनाग्रस्त होकर हाईवे से सीधे खाई में गिरकर अलकनंदा नदी में चला गया है. वाहन आज सुबह रुद्रप्रयाग से बदरीनाथ जा रहा था. इस दुर्घटना की सूचना मिलने पर जिला पुलिस, अग्निशमन टीम, एसडीआरएफ सहित तमाम रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंची तथा स्थानीय व्यक्तियों द्वारा भी रेस्क्यू कार्य में सहयोग दिया गया. वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने और नदी में समाने से पहले इस वाहन में सवार कुछ व्यक्ति छिटक कर बाहर गिर गए थे।

## वर्षाकाल से जुड़ी दिक्कतों का समाधान तत्परता पूर्वक करेंः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### त्यौहारों पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें - सजग और संवेदनशील रहें अधिकारी

### वीडियो कॉन्फ्रेंस से कलेक्टर्स सहित वरिष्ठ अधिकारियों को दिए निर्देश



**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आने वाले दो माह के प्रमुख त्यौहारों पर धार्मिक स्थानों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। नागरिकों के हित में प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी संवेदनशील और सजग होकर दायित्व पूरा करें। वर्षाकाल से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान निकाला जाए। किसानों के लिए खाद और बीज की समुचित व्यवस्था रहे। नए शिक्षण सत्र के प्रारंभ होने पर विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को समत्व भवन,मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों ,क्लेक्टर्स और पुलिस अधीक्षकों से चर्चा कर रहे थे।

नागरिकों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता हो

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि इस माह 28 जिलों में सामान्य से अधिक वर्षा हुई है। वर्षाकाल में आवश्यक प्रबंध किए जाएं। प्रदेश में एक से 26 जून तक हुई वर्षा 37 प्रतिशत अधिक है। अलीराजपुर और नीमच जिलों में सर्वाधिक वर्षा हुई है। अधिक वर्षा के अनुमान को देखते हुए रपटे और पुल आदि जहां पानी ऊपर से बह रहा है वहां बेरीकेड्स लगाए जाएं। नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। वर्षाकाल में नाले और नालियां समस्या बन रहे हों तो तत्परतापूर्वक समाधान का कार्य किया जाए। बांध से पानी छोड़े जाने की स्थिति में मुनादी, वाट्सएप, दूरभाष आदि का उपयोग कर ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना पहुंचाई जाए।

इस संबंध में संवेदनशील होकर समय पर सभी दायित्व अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा पूरे किए जाएं। अतिवृष्टि से नागरिकों के बचाव के लिए होमगार्ड और अन्य आपदा राहत दल सक्रिय रहें।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954

# बाल गृह का प्रस्ताव भेजने के निर्देश

## बाल संरक्षण हेतु संबंधित विभाग समन्वय से कार्य करें-डीएम

## जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित




**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने कहा कि बाल संरक्षण के लिए सभी संबंधित विभाग समन्वय से कार्य करें तथा बच्चों के अधिकारो का संरक्षण करते हुए जरूरतमंद बच्चों को मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत लाभ दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। बाल श्रम को रोकने की दिशा में भी समन्वय से कार्य किया जायें। उन्होने कहा कि श्योपुर जिले में वर्तमान में मिशन वात्सल्य योजना के तहत स्पोन्सरशिप योजना में 2 हजार 163 बच्चों को लाभान्वित किया जा रहा है। इसमें उन सभी बच्चों को कवर किया गया है, जिनके माता पिता नही है, अथवा एकल माता परिवार के है, इसके अंतर्गत बच्चों की शिक्षा एवं भरण पोषण के लिए 4 हजार रूपये मासिक आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होने मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत बाल गृह खोलने का प्रस्ताव भेजने के निर्देश भी अधिकारियों को दियें। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, एसडीओपी श्री राजीव गुप्ता, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना भूषण, महिला बाल विकास अधिकारी श्री महेन्द्र कुमार अम्ब, सहायक संचालक श्री रिशु सुमन, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री योगेश बंसल, उप संचालक सामाजिक न्याय श्रीमती शशिकिरण इक्का, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेएन सक्सैना, सहायक संचालक शिक्षा श्री यश जैन, बाल कल्याण समिति सदस्य श्रीमती उषा दातरे, श्री गौरव आचार्य, श्री संतोष कुमार अवस्थी, संरक्षण अधिकारी श्री विष्णुकांत दुबे, श्री वीके गुप्ता आदि उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने किशोर न्याय अधिनियम के तहत विशेष किशोर पुलिस इकाई का गठन किया जायें तथा प्रत्येक थाने में बाल कल्याण पुलिस अधिकारी नियुक्त किये जायें। श्रम विभाग द्वारा बालश्रम की रोकथाम के लिए अन्य विभागों से समन्वय कर कार्य किया जायें तथा संयुक्त दल बनाकर प्रत्येक माह अभियान चलाया जायें। शिक्षा विभाग द्वारा देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाया जायें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 18 वर्ष से कम उम्र के बालक, बालिकाओं के आयु परीक्षण से पूर्व परीक्षण का उद्देश्य जाने एवं बाल विवाह से संबंधित होने पर प्रकरण बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किये जायें। विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पॉक्सो एक्ट के प्रकरणों में पीडित प्रतिकर योजना का लाभ दिलाने की कार्यवाही की जायें। इस अवसर पर जिला महिला बाल विकास अधिकारी श्री महेन्द्र कुमार अम्ब ने बताया कि जिले में 4 बालको को पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन अंतर्गत चिन्हांकित कर लाभ प्रदान किया जा रहा है। बैठक में बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना भूषण द्वारा अपेक्षा की गई कि बच्चों से संबंधित आपराधिक मामलो में धारा 164 के तहत कथन एवं मेडिकल रिपोर्ट की प्रति सहित अन्य वैधानिक दस्तावेज समिति के समक्ष यथाशीघ्र उपलब्ध कराये जायें।

# सेना ज्वाइन करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करें-डीएम

## पूर्व सैनिको के साथ बैठक में कलेक्टर ने की अपेक्षा




**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने भूतपूर्व सैनिको के साथ आयोजित बैठक में अपेक्षा करते हुए कहा कि जिले के युवाओं को सेना ज्वाइन करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करते हुए प्रोत्साहित करें। उन्होने कहा कि जिले के युवाओं को सेना में अफसर बनने से लेकर सैनिक बनकर देश सेवा के लिए प्रेरित करते हुए उनका उचित मार्गदर्शन किया जायें। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान ग्रुप कैप्टन श्री एमआर पाण्डेय, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड मुरैना के प्रतिनिधि डब्ल्यूओ श्री राजेश जादौन एवं सहायक ग्रेड-3 श्री शैलेन्द्र सिंह सिकरवार सहित श्योपुर जिले के भूतपूर्व सैनिक उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने कहा कि सैनिक कल्याण बोर्ड तथा जिले के भूतपूर्व सैनिको के माध्यम से विद्यालयों एवं कॉलेज में विद्यार्थियों को सेना में देश सेवा के साथ ही कैरियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किये जायें और उन्हें मार्गदर्शन किया जायें कि किस रैंक की भर्ती के लिए क्या शैक्षणिक एवं शारीरिक योग्यता तथा तकनीकी योग्यता होनी चाहिए। इसी प्रकार सेना में अफसर बनने के लिए एनडीए की परीक्षा तथा उसकी शैक्षणिक योग्यता के बारे में जानकारी प्रदान की जायें, इन परीक्षाओं में फार्म भरने की तिथि और विधि आदि से अवगत कराया जायें। इसके साथ ही सेना की विभिन्न इकाईयों और अग्निवीर भर्ती के बारे में भी जानकारी प्रदान की जायें। भूतपूर्व सैनिक युवाओं को मार्गदर्शन देने के साथ ही फिजिकल प्रशिक्षण भी प्रदान कर अपना सहयोग दे सकते है। इसके साथ ही बैठक के दौरान भूतपूर्व सैनिको की समस्याओं पर चर्चा करते हुए उनके निराकरण के संबंध में निर्देश दिये गये।

# चिमलका तालाब का कार्य पूर्ण, समुदाय को समर्पित, समारोहपूर्वक हुआ कार्य का समापन



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में श्योपुर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत शुरू किये गये चिमलका तालाब के कार्य पूर्णता के अवसर पर समारोहपूर्वक कार्य का समापन करते हुए तालाब को समुदाय के उपयोग हेतु समर्पित किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र जाट, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री नीरज जाट, सीईओ जनपद श्योपुर श्री एसएस भटनागर, परियोजना अधिकारी एवं अभियान के नोडल श्री विक्रम जाट, सरपंच श्री हरि सिंह रावत सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कराये गये कार्यो के सुखद परिणाम हमारे सामने है, इसी क्रम में सोईकला पंचायत के ग्राम चिमलका में तालाब जीर्णोद्धार का कार्य अभियान की शुरूआत के अवसर पर किया गया था, आज कार्य न केवल पूर्ण हुआ है, बल्कि बारिश के आगमन से तालाब में थोडा पानी भी एकत्रित हुआ है। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र जाट ने जल संरक्षण की दिशा में इस अभियान को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जिले में डेढ हजार से अधिक कार्य जल संरक्षण से संबंधित किये गये है, जिनमें से कुछ पूर्ण हो गये है तथा कुछ पूर्णता की ओर है, इन कार्यो से ग्रामीणों को निश्चित रूप से लाभ प्राप्त होगा। उन्होने कहा कि जल है तो कल है, इसलिए जल के महत्व को देखते हुए वर्षाजल को अधिक से अधिक संग्रहित करने में अपना सहयोग प्रदान करें। जल संरचाओं को प्रदूषण से बचाएं। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री नीरज जाट ने कहा कि जल गंगा अभियान के तहत जिले में मौजूद तालाबों एवं अन्य जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार के कार्य किये गये, ग्राम चिमलका में भी तालाब गहरीकरण करते हुए जीर्णोद्धार कराया गया है, इससे ग्रामीणों की निस्तारी आवश्यकताओं की पूर्ति होगी। सीईओ जनपद श्री भटनागर ने जानकारी दी कि चिमलका तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य जन सहयोग से शुरू किया गया था, इस तालाब 16 हजार घन मीटर गहरीकरण किया गया और इस मिट्टी से तालाब की 320 मीटर लम्बी पाल का नवीनीकरण करते हुए पिचिंग का कार्य कराया गया। आज इस तालाब को नवीनीकरण उपरांत समुदाय को समर्पित किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन सीईओ जनपद श्री एसएस भटनागर द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन सरपंच श्री हरि सिंह रावत ने किया।

# नाव घाटो की नीलामी अब 30 जून को

**श्योपुर ब्यूरो।** जनपद पंचायत श्योपुर क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विभिन्न नावघाटो की नीलामी 25 जून को जनपद पंचायत कार्यालय श्योपुर में आयोजित की गई थी, लेकिन पर्याप्त संख्या में बोलीकर्ता के उपस्थित न होने पर नीलामी की तारीख को बढाकर अब 30 जून कर दिया गया है। सीईओ जनपद श्री एसएस भटनागर ने बताया कि श्योपुर विकासखण्ड अंतर्गत विभिन्न नदियों पर संचालित नाव घाटो की नीलामी के लिए बोली का आयोजन 30 जून दोपहर 2 बजे से किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति नीलामी की बोली में भाग ले सकते है, इस संबंध में विस्तृत जानकारी तथा नियम और शर्तें कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

# अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित




**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर नशामुक्त भारत अभियान के तहत जिला चिकित्सालय, नगरपालिका, जिला जेल श्योपुर सहित अन्य स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किये गये। सामाजिक न्याय विभाग के तत्वाधान में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा श्योपुर के सहयोग से बीके तारा बहन, डॉ गायत्री मित्तल, सुश्री पूजा द्वारा जिला चिकित्सालय श्योपुर, जिला जेल श्योपुर, नगरपालिका श्योपुर में नशे से होने वाले दुष्परिणामों के संबंध में जागरूक करने के उद्देश्य से भाषण, गीत एवं नुक्कड नाटक के कार्यक्रम आयोजित किये गये। जेल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बंदियों को नशामुक्त जीवन व्यतीत करने का संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान उपसंचालक शशि किरण एक्का, सिविल सर्जन डॉ. आर.बी. गोयल, डॉ. संजय जैन, जेल अधीक्षक श्री प्रभात कुमार, श्री बिहारी सिंह सोलकी, प्रेरणा वृद्धाश्रम प्रबंधक श्री मनोज वैष्णव, सुश्री गीता बहन, सुश्री उर्मिला बहन, सुश्री रामदेवी बहन, श्री रामदयाल आदि उपस्थित रहे। इसी प्रकार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा विजयपुर द्वारा नगरीय क्षेत्र विजयपुर में बीके शशि बहन और एडवोकेट श्री चंद्र प्रकाश के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर नशा निवारण और निषेध के प्रति जागरूकता हेतु नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि नशा व्यक्ति के जीवन, चरित्र और धन को नष्ट कर देता है। आध्यात्मिक उन्नति के माध्यम से मन को मजबूत कर नशे से मुक्ति पाई जा सकती है।

# पंचायत स्तरीय मलेरिया कार्यशाला का आयोजन

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में मलेरिया माह जून 2025 के अंतर्गत ग्राम रायपुरा में पंचायत स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान मलेरिया इस्पेक्टर एवं मलेरिया सुपरवाइजर द्वारा आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता आशा सुपरवाइजर एवं सीएचओ के साथ मलेरिया एवं डेंगू नियंत्रण के लिए कार्य योजना तैयार की गई तथा मलेरिया रोग के लक्षण, जांच एवं उपचार की जानकारी दी गई जन समुदाय को अवगत कराया कि कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है इसलिए बुखार आने पर तुरंत खून की जाँच कराएं एवं सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें आशा कार्यकर्त्ता को नियमित रूप से बुखार के मरीजों की किट द्वारा जाँच करने और लार्वा सर्वे करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यशाला में आशा सुपरवाइजर सीएचओ एवं आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।



# नशा निवारण पर व्याख्यान एवं शपथ का आयोजन



**श्योपुर ब्यूरो।** भारत सरकार एवं उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में मनाए जा रहे नशामुक्ति पखवाड़े के अंतर्गत पी.एम. एक्सीलेंस कॉलेज तथा गर्ल्स कॉलेज के सयुंक्त तत्वावधान में नशा निवारण पर व्याख्यान तथा शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पी.एम.एक्सीलेंस कॉलेज प्राचार्य डॉ.ओ.पी.शर्मा ने नशा निवारण की शपथ का वाचन कर हॉल में उपस्थित समस्त छात्र छात्राओं को नशा मुक्त रहने के साथ ही अन्य लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हेतु शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि नशा केवल आर्थिक नुकसान ही नहीं करता है, बल्कि इसके सामाजिक और स्वास्थ्य की दृष्टि से व्यापक दुष्परिणाम भी होते है, शरीर की हानि होती है। व्यक्ति अनेक गंभीर बीमारियों का शिकार हो जाता है। इसके विरूद्ध ईकोक्लब, एन.एस.एस. तथा अन्य सभी युवाओं को अभियान चलाने की आवश्यकता है। गर्ल्स कॉलेज के प्राचार्य डॉ.एस.डी.राठौर ने युवाओं को नशे से दूर रहने तथा समाज मे जागरूकता लाने पर बल दिया। शपथ लेते हुए सभी युवाओं ने नशे से दूर रहने तथा इसके लिए जागरूकता करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉ.लक्ष्मीकांत राय, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुभाषचंद, डॉ.महेंद्र केथवास, डॉ.लोकेन्द्र सिंह, डॉ.साजिद अली, डॉ. मनीष सैनी, आई टी प्रो.राहुल सैनी एवं भारी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

# मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2025 का जिला स्तरीय आयोजन 01 अगस्त को

## कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी कर सकेंगे सहभागिता, ऑनलाइन करें रजिस्ट्रेशन

## जिला स्तर पर प्रथम आने वाली टीम को राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली क्विज प्रतियोगिता में सहभागिता करने का मिलेगा अवसर

**भिण्ड ब्यूरो।** मध्यप्रदेश पर्यटन एवं संवर्धन उद्देश्य को लेकर के वर्ष 2016 से प्रति वर्ष मध्य प्रदेश की क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिससे मध्य प्रदेश के उन स्थानों को भी सार्वजनिक तौर पर प्रचारित किया जा सके जहां तक अभी जनमानस को जानकारी नहीं है मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2025 का जिला स्तरीय आयोजन 1 अगस्त को प्रस्तावित है जिसमें समस्त शासकीय एवं अशासकीय मध्य प्रदेश बोर्ड सीबीएसई बोर्ड केंद्रीय विद्यालय नवोदय विद्यालय आदि के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी सहभागिता कर सकेंगे जिसके लिए विद्यालय स्तर से 3-3 विद्यार्थियों का दल बन जाएगा और उन्हें ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना सुनिश्चित करना होगा। उक्त पंजीयन कार्य लिंक के माध्यम से दिनांक 25 जून 2025 से प्रारंभ हो चुके है जिसे नीचे दी गई लिंक के माध्यम से भिण्ड जिले में अधिक से अधिक पंजीयन किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है इसलिए विद्यालय स्तर पर तीन-तीन विद्यार्थियों को चयनित कर रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करना होगा इसके लिए जिला स्तर पर दिनांक 1 अगस्त को चयनित कार्यक्रम स्थल पर प्रतियोगिता दो चरणों में संपन्न की जावेगी प्रथम चरण पर लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी जिसमें लगभग 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न प्रश्न होंगे जो मध्य प्रदेश के पर्यटन स्थल संस्कृति मध्य प्रदेश का इतिहास राष्ट्रीय उद्यान अभ्यारण वन्य जीव संरक्षण एवं संवर्धन पर्यावरण संरक्षण आदि से संबंधित बहुविकल्पीय रिक्त स्थान एक शब्द में उत्तर आदि पर आधारित होंगे। लिखित परीक्षा में प्रथम 6 टीमों का चयन किया जाएगा जिनके साथ द्वितीय चरण ऑडियो एवं वीडियो राउंड खेला जाएगा इसमें चयनित प्रथम तीन टीमों को मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड की ओर से तीन दिन और दो रात तथा द्वितीय तीन टीमों को दो दिन और एक रात का भ भ्रमण पैकेज दिया जाएगा, जिसमें यातायात भोजन स्वल्पाहार, रात्रि विश्राम एवं भ्रमण संबंधी समस्त गतिविधियां मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड के द्वारा संचालित की जावेगी जिला स्तर पर यह प्रतियोगिता जिला कलेक्टर जिला पंचायत जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त मार्गदर्शन में आयोजित की जावेगी। क्विज मास्टर श्री सत्यभान सिंह भदौरिया ने बताया कि जिला स्तर पर प्रथम आने वाली टीम को 26 सितंबर 2025 को राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली क्विज प्रतियोगिता में सहभागिता करने का अवसर प्रदान किया जाएगा इस प्रतियोगिता में सामान्यतः ग्वालियर का किला, ओरछा के किले एवं मंदिर, मांडव , सांची, भीमबेटका, महेश्वर के किले, अटेर का किला, आलमपुर की छतरियां, दतिया एवं इंदरगढ़ का किला, वन विहार जैसे कान्हा किसली राष्ट्रीय उद्यान, बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान, माधव राष्ट्रीय उद्यान, पेच अभ्यारण, पचमढ़ी की पहाड़ियां, इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर आदि शहरों से संबंधित प्रश्न लिखित एवं ऑडियो, वीडियो राउंड में विद्यार्थियों से पूछा जाना संभावित है। भिण्ड जिले में प्रतियोगिता में भाग लेने वाले शासकीय/अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक अध्ययनरत बालक/बालिकाओं के द्वारा मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड भोपाल ने पंजीयन हेतु लिंक भेजी गई है जिसके माध्यम से पंजीयन किया जा सकेगा। पंजीयन कार्य में किसी भी परेशानी के लिए जिले के क्विज मास्टर श्री सत्यभान सिंह भदौरिया के मोबाइल नंबर 9009774640 पर संपर्क किया जा सकता है।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग मुरैना
सूबात रोड, मुरैना (म.प्र.)

क्रमांक 2511-2512/ निविदा/नि.सू.क्र. 09/2025-26 मुरैना दिनांक 23-6-2025

निविदा विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु भवन कार्यों की दर अनुसूची प्रभावशील दिनांक 01.01.2024 पर निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई-टेंण्डरिंग पद्धिति द्वारा ऑनलाइन निविदाऐं अपेन्डिक्स 2.10 में निहित शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती हैं, जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यों का विवरण वेब-साइट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। वेब-साइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

| टेण्डर आई.डी. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रूपयों में) | अर्नेस्ट मनी डिपोजिट (रूपयों में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2025_PWDRB_432701 | ले.नि.वि. संभाग मुरैना के अन्तर्गत रिपेयर एण्ड मेंटीनेंस कार्य आर.बी. एण्ड एन.आर.बी. कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | 9000000.00 (नब्बे लाख) | 90000/- | 10000.00 + Portal Charges | 31.03.26 तक |
| 2025_PWDRB_432702 | ले.नि.वि. उपसंभाग मुरैना के अन्तर्गत रिपेयर एण्ड मेंटीनेंस कार्य आर.बी. एण्ड एन.आर.बी. कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | 5000000.00 (पचास लाख) | 50000/- | 5000.00 + Portal Charges | 31.03.26 तक |
| | योग-02 कार्य | 14000000.00 (एक करोड़ चालीस लाख) | | | |

1. ऑन लाइन टेण्डर पब्लिश दिनांक - 25.06.2025 समय 10:30 बजे
2. निविदा प्रपत्र डाउनलोड/विक्रय प्रारंभ दिनांक - 25.06.2025 समय 10:30 बजे से
3. निविदा प्रपत्र डाउनलोड/विक्रय अंतिम दिनांक - 09.07.2025 समय 17:30 बजे तक
4. ऑन लाईन बिड सबमिशन का प्रारंभ दिनांक - 25.06.2025 समय 10:30 बजे तक
5. ऑन लाईन बिड सबमिशन का अंतिम दिनांक - 09.07.2025 समय 17:30 बजे तक
6. बिड ओपनिंग दिनांक - 11.07.2025 समय 10:30 बजे

a. अनुबंध के पूर्व एवं अनुबंध अवधि में लेवर पंजीयन करना अनिवार्य होगा, निविदा की वैधता अवधि 120 दिवस होगी।
b. निविदा संबंधी संशोधन उसी टेण्डर में ऑन लाईन देखे जा सकेंगे, अतिरिक्त प्रेस नोट नहीं निकाला जावेगा।
c. सक्षम अधिकारी को निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
d. संबंधित मद में आवंटन उपलब्ध होने पर ही भुगतान हो सकेगा।
c. निविदाऐं ऑन-लाईन ही प्रस्तुत की जावें, भौतिक रूप से कोई भी दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जावेगा।
f. शासन द्वारा समय-समय पर जारी समस्त नियम एवं संशोधन प्रभावशील होंगे।
g. निविदा के साथ संलग्न शिड्यूल में दर्शाये गये आयटमों के अतिरिक्त प्रचलित एस.ओ.आर. के समस्त आयटम के कार्य सम्मिलित माने जावेंगे।

उपरोक्त वेब-साइट ऑन लाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेंडर डॉक्यूमेंट) वेब-साइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेब-साइट में देखी जा सकती है।

(अन्वेश प्रताप सिंह)
कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संभाग मुरैना
फोन नं. 07532-226361

G-14824/25

# नालसा डॉन योजना, 2025 अंतर्गत ड्रग मुक्त भारत के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर हुआ विधिक जागरूकता शिविर संपन्न




**भिण्ड ब्यूरो।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार तथा माननीय उमेश पाण्डव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड के मार्गदर्शन में ग्राम काशीपुरा एवं ग्राम चरथर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में मुख्य रूप से उपस्थित श्री देवेश शर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी, भिण्ड द्वारा नालसा नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अनैतिक तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अंतर्गत नालसा तस्करी और वाणिज्यिक यौन शोषण के पीड़ित योजना और नालसा मादक द्रव्य दुरूपयोग के पीड़ितों के लिए सेवाएं और मादक द्रव्य उन्मूलन योजना अंतर्गत उपस्थित ग्रामीणजन को नशा मुक्ति के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आज के इस दौर में किशोर अवस्था में बालक नशे की तरफ बड़ी आसानी से अग्रसर हो जाता है। इस उम्र में बालक में समझने-बूझने की क्षमता कम होती है तथा वह अपने साथियों के साथ मिलकर नशे जैसे बीड़ी, तम्बाकू, सिंगरेट, गुटका आदि से शुरूआत कर ड्रग सेवन तक पहुंच जाता है। ऐसा करते हुए वह जाने-अनजाने में विभिन्न प्रकार के अपराधों को कारित करता है। अतः सभी आमजनों को नशे से दूरी बनाकर रखनी चाहिए। हमें नशा उन्मूलन के बारें अपने आस-पास के आमजनों को जानकारी देनी चाहिए एवं उनकी इस लत को छुड़ाने में उनका प्रयास करना चाहिए। उक्त अवसर पर श्री अजय कुमार त्रिपाठी, डिप्टी चीफ एवे ग्राम के सरपंच एवं सचिव तथा ग्रामीणजन एवं श्री सुमित यादव, श्री ब्रजेन्द्र कुमार, पीएलव्ही भिण्ड उपस्थित रहे।

# एमएसएमई दिवस पर 'रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एण्ड एम्प्लॉयमेंट कॉन्क्लेव' का आयोजन

**भिण्ड ब्यूरो।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम दिवस के अवसर पर 27 जून 2025 को रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एण्ड एम्प्लॉयमेंट कॉन्क्लेव का भव्य आयोजन मुख्यपमंत्री के आतिथ्य में जिला रतलाम में किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम का प्रसारण एवं आयोजन जिला स्तर पर प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जनप्रतिनिधियों, उद्योग से जुड़े प्रतिष्ठित व्यक्तियों, तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं के लाभार्थियों को आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार, कौशल विकास तथा उद्योगों से जोड़ने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना है, साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाना भी है। कॉन्क्लेव में स्थानीय उद्योगों की भूमिका, स्वरोजगार के अवसर, स्टार्टअप्स, महिला उद्यमिता, तथा स्किल डेवेलपमेंट से संबंधित विषयों पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त सफलता की कहानियाँ साझा करने का अवसर भी दिया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में उद्यम स्थापना के इच्छुक युवा भी सादर आमंत्रित हैं।

# खुशियों की दास्तां

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम तरसोखर में 1.47 लाख रु. की लागत से बना खेत तालाब

## वर्षा जल संचयन से किसान श्री धनेष चौबे को सिंचाई में मिलेगा लाभ



**भिण्ड ब्यूरो।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत भिण्ड जिले की जनपद पंचायत अटेर अंतर्गत ग्राम तरसोखर में किसान श्री धनेष चौबे के खेत में खेत तालाब का निर्माण कराया गया है। मनरेगा योजना के तहत खेत तालाब बनने से श्री चौबे को फसल की सिंचाई के लिए अब परेशान नहीं होना पडेगा। उन्होंने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इस तालाब से गर्मियों में घटते जल स्तर में सुधार हो सकेगा। बारिश के मौसम में वर्षा जल व्यर्थ नहीं जाएगा बल्कि इस तालाब में वर्षा जल भर जाएगा और इस खेत तालाब में भरे पानी का उपयोग अगली फसल में आसानी से कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि शासन के द्वारा मनरेगा से खेत तालाबों का निर्माण कराकर किसानों की सहायता की गई है। खेत तालाबों के निर्माण से जहां एक तरफ ग्राम के जलस्तर में वृद्धि होगी वही किसानों को अपनी खेती की सिंचाई के लिए जल की उपलब्धता रहेगी। कृषक श्री धनेष चौबे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बनाए जा रहे खेत तालाबों के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को धन्यवाद दे रहे हैं।

# सामाजिक सहभागिता से ही नशा मुक्त समाज का निर्माण संभव - सामाजिक न्याय मंत्री श्री कुशवाह

## अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस राज्य स्तरीय कार्यक्रम सम्पन्न



**भोपाल/ग्वालियर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री श्री नारायन सिंह कुशवाह ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। सामाजिक सहभागिता से ही नशा मुक्त समाज बनाया जा सकता है। मंत्री श्री कुशवाह 26 जून अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय दिव्यांगजन सशक्तिरण विभाग के सभागार में आयोजित नशा मुक्त भारत अभियान के राज्य स्तरीय समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2047 में भारत को विश्व गुरु बनाने का जो सपना देखा है, उसको साकार करने में नशा मुक्त भारत का निर्माण महत्वपूर्ण कड़ी होगा। प्रदेश सरकार, भारत सरकार के साथ हर स्तर पर नशा मुक्त समाज निर्माण के लिये जागरूकता कार्यक्रम चला रही है। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्तिगत ही नहीं सामाजिक बुराई भी है। इसलिए बिना सामाजिक भागीदारी और सक्रियता के नशा मुक्त समाज के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता है। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि प्रदेश में सामाजिक न्याय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा एक जून से 26 जून 2025 तक नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें स्थानीय, जिला प्रशासन के साथ स्वयं सेवी संस्थाओं, संगठनों के माध्यम से स्कूल, कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे है। अभियान के अन्तर्गत पुलिस प्रशासन के माध्यम से वाहन चालकों जागरूकता अभियान, अनुभाग और जनपद स्तर सभाओं का आयोजन शपथ ग्रहण समारोह, स्कूल, महाविद्यालयों में नशामुक्ति का संदेश वाले संस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि विशेष रूप से 10वीं से 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को नशा के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाना चाहिए, उन्होंने विद्यालयों में नशा से बुराई और दुष्परिणाम विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित करने का सुझाव भी दिया। इस अभियान के तहत राष्ट्रीय नशा मुक्ति हैल्पलाइन नम्बर 14446 का भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए। प्रमुख सचिव श्री रघुराज एम.आर. ने कहा कि नशा मुक्ति के लिए जो भी लोग काम कर रहे हैं वह बधाई के पात्र है। यह समाज निर्माण का कार्य है उन्होंने कहा कि की घड़े में पानी तभी रुक सकता है जब उस घड़े के अंदर कोई छेद ना हो। इसी तरह से स्वस्थ समाज के लिए आवश्यक है तो उसमें नशा रूपी कोई छेद न हो। उप सचिव सुश्री अंकिता धाकरे ने 1 जून से 26 जून 2025 तक चलाए गये नशा मुक्ति अभियान का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में नशा मुक्ति के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया तथा नशा न करें की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर डीआईजी म.प्र. पुलिस नारकोटिक्स विंग श्री संजीव कंचन, डॉ. नलिनी गौड़ सहित अन्य गणमान्य नागरिक विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# युवा नशे से दूर रहने, करें अच्छी संगति : स्वामी ऋषभदेवानंद महाराज

## अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस हुआ आयोजन




**ग्वालियर।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय विभाग जिला ग्वालियर द्वारा बाल भवन स्थित सभागृह में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आदर्श गौशाला लाल टिपारा से प्रमुख स्वामी ऋषभदेवानंद महाराज, एडिशनल एसपी श्रीमती सुमन गुर्जर, ब्रह्माकुमारी संस्थान से आदर्श दीदी, वरिष्ठ नेता श्री विनोद शर्मा, ज्वाइन डायरेक्टर सामाजिक न्याय श्री देवकीनंदन सिंह, विरही सहायक संचालक सामाजिक न्याय श्री शशांक, सचिव रमन शिक्षा समिति श्री रामदास माहौर, अध्यक्ष अहिंसा महिला एवं बाल कल्याण समिति श्री दीपक श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी जनकल्याण श्रीमती पूर्वी अग्रवाल, श्री आकाश वशिष्ठ, श्री सौरभ गर्ग एवं अन्य सभी सामाजिक सुरक्षा अधिकारी एवं शहर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में कुमारी आस्था द्वारा सरस्वती वंदना कर की गई। सांस्कृतिक प्रस्तुति में ब्रह्मकुमारी संस्था के भाई बहनों द्वारा नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में स्वामी ऋषभदेवानंद महाराज द्वारा युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए अच्छी संगति करने का संकल्प दिलाया गया। एडिशनल एसपी द्वारा समाज को जागरुक होकर अपने युवा पीढ़ी को नशे की ओर बढ़ने से रोकने के लिए घर में अच्छा माहौल देने की अपील की गई। कार्यक्रम में श्री देवकीनंदन सिंह ज्वाइन डायरेक्टर सामाजिक न्याय विभाग द्वारा सभी अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया गया एवं कार्यक्रम के अंत में नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत सराहनीय कार्य करने वाले नागरिकों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में सभी के द्वारा नशा मुक्त करने की शपथ ली गई एवं नशा मुक्त भारत अभियान में हस्ताक्षर कर अपना सहयोग दिया गया।

# निगमायुक्त ने किया क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 11 का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**ग्वालियर।** नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 11 का औचक निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय की समस्त व्यवस्थाओं को देखा। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 11 का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समस्त स्टाफ की सार्थक ऐप के माध्यम से हाजिरी चेक की गई एवं कार्यालय पर की गई रेन वाटर हार्वेस्टिंग को चेक किया। इसके साथ ही संपत्ति कर टीसी को संपत्ति कर वसूली के संबंध में निर्देश दिए गए एवं मौके पर उपस्थित डब्ल्यूएचओ को कार्यालय में साफ सफाई के लिए निर्देशित किया गया। इसके साथ ही ईकेवाईसी में डुप्लीकेट ईकेवायसी को हटाने के साथ ही ईकेवायसी में गति लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित क्षेत्राधिकारी श्री अनिल श्रीवास्तव, श्री कमल खरे, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री कृष्ण पाल मेहत, जेडएचओ राजस्व टी.सी श्री महेश कुशवाह, वार्ड 30 के टी.सी श्री भगवान सिंह गुर्जर उपस्थित रहे।

# निगम परिषद की बैठक 27 जून दोपहर 3 बजे तक स्थगित



**ग्वालियर।** नगर निगम परिषद के साधारण सम्मेलन का आयोजन सभापति श्री मनोज सिंह तोमर की अध्यक्षता में जल विहार परिषद सभागार में आयोजित किया गया। बैठक कोरम के अभाव में 27 जून 2025 दोपहर 3 बजे तक स्थगित कर दी गई।

# हरियाली के रंग स्वच्छता के संग के अंतर्गत ड्रॉइंग प्रतियोगिता 29 जून को बाल भवन में




**ग्वालियर।** शहर साफ व स्वच्छ रहे एवं पर्यावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हरियाली के रंग स्वच्छता के संग के तहत 29 जून 2025 को प्रातः 10 से सायं 7 बजे तक बाल भवन कैप्टन रूपसिंह स्टेडियम के पास ड्रॉइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। नोडल अधिकारी आईईसी श्री मुकेश बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार हरियाली के रंग स्वच्छता के संग कार्यक्रम का आयोजन 29 जून को बाल भवन में आयोजित किया जा रहा है। ड्रॉइंग प्रतियोगिता में पर्यावरण और स्वच्छता-जल जमीन और वायु थीम पर ड्राइंग बनाई जाएंगी। प्रतियोगिता में जूनियर (05 वर्ष-14 वर्ष) एवं सीनियर (14 वर्ष से ऊपर ओपन केटेगरी) रहेगी। ड्रॉइंग प्रतियोगिता प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक एवं वेस्ट टू आर्ट दोपहर 1.00 बजे से 3.00 बजे तक, सांस्कृतिक संध्या दोपहर 3.30 बजे से 6.30 बजे तक एवं स्थल पर पंजीकरण प्रातः 09:00 बजे से 10:00 बजे तक किया जाएगा। आकर्षक पुरस्कार और प्रमाण पत्र सभी प्रतिभागियों के लिए हैं।

# महिला पॉलीटेक्निक में रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु कॉलेज लेवल काउंसिलिंग प्रारंभ

**ग्वालियर।** शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, पड़ाव, ग्वालियर में संचालित दसवीं उत्तीर्ण छात्राओं/महिलाओं हेतु तीन वर्षीय रोजगान्मुखी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों जैसे कम्प्यूटर साइंस, इंफर्मेशिन टेक्नॉलोजी, आर्किटेक्चर एण्ड इंटीरियर डिजाईन, इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड टेलीकम्युनिकेशन इंजी, टेक्सटाईल डिजाईन, मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट एवं ब्यूटी कल्चर एण्ड कॉस्मेटोलोजी में सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु कॉलेज लेवल काउंसिलिंग प्रारंभ हो गई है। इच्छुक छात्राएँ दिनांक-18.06.2025 से 13.08.2025 रात्रि 11:45 बजे तक घर बैठे वेबसाईट https://dte.mponline.gov.in पर जाकर या महाविद्यालय में आकर मनपसंद पाठ्यक्रम में रजिस्ट्रेशन कर सकती है। इसके पश्चात दिनांक-02.07.2025 से 13.08.2025 तक रजिस्टर्ड छात्राएँ महाविद्यालय में हर सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को प्रातः 10:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करवा सकेगी। प्राचार्य शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय डॉ. ए ए सिद्दीकी ने बताया कि दसवीं परीक्षा उत्तीर्ण के साथ आईटीआई उत्तीर्ण अथवा बारहवीं उत्तीर्ण छात्राओं हेतु उपरोक्त पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष (तृतीय सेमेस्टर) में लेटरल एण्ट्री के माध्यम से प्रवेश हेतु दिनांक-05.07.2025 से 13.08.2025 रात्रि 11:45 बजे तक उपरोक्तानुसार रजिस्ट्रेशन करना आवश्यक है। इसके पश्चात् प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करवाने हेतु महाविद्यालय में दिनांक-16.07.2025 से 13.08.2024 तक हर सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को कार्यालयीन समय में उपस्थिति होवें। विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि इस बार म.प्र. शासन द्वारा दो वर्ष का अध्ययन पूर्ण करने पर 12वीं उत्तीर्ण की उपाधि भी प्रदान की जाएगी जिसकी मान्यता हायर सेकण्डरी के बराबर रहेगी। रजिस्ट्रेशन में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए अथवा पाठ्यक्रम संबंधी अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय में आकर सम्पर्क किया जा सकता है अथवा प्रवेश समिति के सदस्यों से उनके मोबाइल नं. 9669627054, 9893075093, 9827375294, 9926962005 पर चर्चा की जा सकती है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एमपी ऑनलाइन व कियोस्क में जाकर भी कराया जा सकता है। अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़ा वर्ग, सामान्य एवं दिव्यांग की छात्राओं को शासन के नियमानुसार फीस की छूट एवं छात्रवृत्ति (प्रगति, समर्थ, सक्षम एवं पोस्टमैट्रिक स्कीम के तहत रू. 1.50 लाख तक) की पात्रता है। इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में रोजगार के अवसर के अलावा डिप्लोमा के उपरांत उच्च शिक्षा बीई के द्वितीय वर्ष में प्रवेश के लिए पॉलीटेक्निक के विद्यार्थियों के लिए कोटा लेटरल एंट्री के तहत रहता है। विद्यार्थी के लिए तकनीकी शिक्षा से जुड़ने का यह अच्छा अवसर है। प्रवेश नियम एवं अर्हता बेवसाइट https://dte.mponline.gov.in पर उपलब्ध है।

# डिवाइडर को हरा भरा बनाने के लिए रौपे पौधे



**ग्वालियर।** अमृत हरित महा अभियान के तहत शहर हरा भरा रहे इसके लिए नगर निगम द्वारा शहर में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। उद्यान पर्यवेक्षक श्री राजकुमार राजावत ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत सागर ताल से चार शहर का नाका तक डिवाइडर पर चम्पा एवं कनेर प्रजाति के लगभग 400 पौधों का रोपण किया गया।

# यातायात में बाधक हाथ ठेलों को हटाया



**ग्वालियर।** शहर में सुगम यातायात के लिए नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा निरंतर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके अंतर्गत शहर के सभी प्रमुख मार्केट एवं सड़कों पर अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया गया। मदाखलत अधिकारी श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशन तथा उपायुक्त श्री सत्यपाल सिंह चौहान के दिये गए निर्देश के पालन में छापा खाना से माधौगंज पुलिस थाने तक मुख्य मार्गो सहित विभिन्न स्थानो पर खड़े यातायात में बाधक हाथ ठेलों, फुटपाथी दुकानों, दुकानदारों की दुकानों के बाहर सडक पर रखे स्टैन्ड बोर्डों, कूलरों, काउन्टरों, टेबलों, कुर्सियों व अन्य अस्थाई अतिक्रमण को मदाखलत दल (दक्षिण) द्वारा हटवाया गया। साथ ही जप्त किए सामान को मदाखलत कार्यालय हुरावली रोड स्थित कार्यालय पर भिजवाया गया।

# थाना डबरा सिटी पुलिस ने ग्वालियर से डबरा जा रहे कार सवार दो बदमाषों को पकड़कर उनसे अवैध हथियार किये जप्त

## आरोपीगणों से एक 315 बोर देशी कट्टा मय 01 जिन्दा राउण्ड, एक देशी पिस्टल व 04 जिन्दा राउण्ड तथा एक स्विफ्ट कार की जप्त।




**ग्वालियर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह(भापुसे) के निर्देष पर ग्वालियर पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने एंव अवैध हथियारों की खरीद फरोख्त करने वालों के विरूद्ध जिले में प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में दिनांक 25.06.2025 को थाना डबरा सिटी पुलिस को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक स्विफ्ट कार क्र0 एमपी-07-जेडजे-8269 से ग्वालियर तरफ से कुछ संदिग्ध लोग अवैध हथियार लेकर डबरा तरफआ रहे हैं। उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर से अति0 पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री निरंजन शर्मा के द्वारा थाना डबरा सिटी पुलिस की टीम को मुखबिर सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही करने हेतु निर्देषित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषों के परिपालन में एसडीओपी डबरा श्री जितेन्द्र नगाईच के कुषल मार्गदर्षन में थाना प्रभारी डबरा सिटी निरीक्षक यषवंत गोयल के द्वारा थाना बल की एक टीम को मुखबिर सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही करने हेतु रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा अरु तिराहे पर ग्वालियर तरफ से आने वाले वाहनों पर नजर रखी जाने लगी, थोडी देर बाद पुलिस टीम को मुखबिर के बताये हुलिया व नम्बर की एक स्विफ्ट कार ग्वालियर तरफसे आती हुई दिखी, जिसे पुलिस टीम द्वारा रोककर चेक किया गया तो कार में दो संदिग्ध व्यक्ति बैठे मिले। जिनसे नाम पता पूछने पर पहले ने स्वयं को न्यू संतर मुरार ग्वालियर एवं दूसरे ने यादव मार्केट गर्म सडक मुरार ग्वालियर का रहने वाला बताया। पकड़े गये दोनों संदिग्धों की तलाषी लेने पर पहले व्यक्ति के पास से एक देषी पिस्टल मिली जिसकी मैग्जीन को खोल कर चेक किया गया तो उसमें 4 जिन्दा राउण्ड लोड पाये गये एवं दूसरे व्यक्ति के पास एक 315 बोर का कट्टा व एक जिन्दा राउण्ड मिला। उक्त दोनों आरोपियों का यह कृत्य 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से मिले अवैध हथियारों को विधिवत जप्त किया गया। पकड़े गये दोनों आरोपीगणों के खिलाफ थाना डबरा सिटी में आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर उन्हे माननीय न्यायालय डबरा पेश किया गया।

**जप्त मषरूका:-** एक 315 बोर देशी कट्टा मय 01 जिन्दा राउण्ड, 01 देशी पिस्टल व 04 जिन्दा राउण्ड तथा एक स्विफ्ट कार क्र0 एमपी-07-जेडजे-8269 की जप्त।

**सराहनीय भूमिका:-** थाना प्रभारी डबरा सिटी निरीक्षक यशवंत गोयल, उनि0 शुभम परिहार, प्रआर. शैलेन्द्र दीक्षित, आर. मिन्टू परिहार, आर. विनोद रावत, आर. ललित शर्मा, आर. शिवम पाल की सराहनीय भूमिका रही।


## आवश्यक सूचना

रेल प्रशासन द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नॉन इण्टरलॉकिंग कार्य के कारण पैसेंजर रेलगाड़ियों का संशोधित निरस्तीकरण तिथि एवं अतिरिक्त शॉर्ट टर्मिनेशन/शॉर्ट ओरिजिनेशन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

**रेलगाड़ियों का शॉर्ट टर्मिनेशन/शॉर्ट ओरिजिनेशन**

| गाड़ी सं. | स्टेशन से - तक | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 06529 | सर एम.विश्वेश्वरय्या (ट.) बेंगलुरु-गोमती नगर | 30.06.2025 | बनारस-गोमती नगर के मध्य निरस्त रहेगी |
| 06530 | गोमती नगर-सर एम. विश्वेश्वरय्या (ट.) बेंगलुरु | 04.07.2025 | गोमती नगर-बनारस के मध्य निरस्त रहेगी |

**रेलगाड़ियों का जरवल रोड स्टेशन पर ठहराव स्थगित रहेगा**

| गाड़ी सं. | स्टेशन से - तक | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|
| 19037 | बान्द्रा (ट.)-बरौनी जं. | 28.06.2025 से 02.07.2025 |
| 11124 | बरौनी जं.-ग्वालियर जं. | 29.06.2025 से 03.07.2025 |
| 11079 | लोकमान्य तिलक (ट.)-गोरखपुर जं. | 03.07.2025 से 03.07.2025 |
| 19038 | बरौनी जं.-बान्द्रा (ट.) | 30.06.2025 से 04.07.2025 |
| 11123 | ग्वालियर जं.-बरौनी जं. | 30.06.2025 से 04.07.2025 |

**रेलगाड़ियों का करनैलगंज स्टेशन पर ठहराव स्थगित रहेगा**

| गाड़ी सं. | स्टेशन से - तक | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|
| 19037 | बान्द्रा (ट.)-बरौनी जं. | 28.06.2025 से 02.07.2025 |
| 11079 | लोकमान्य तिलक (ट.)-गोरखपुर जं. | 03.07.2025 से 03.07.2025 |
| 19038 | बरौनी जं.-बान्द्रा (ट.) | 30.06.2025 से 04.07.2025 |

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1106/25 (ADM)



## उत्तर मध्य रेलवे

पत्र सं.: C/JHS/158/GWL/WVMs/e-Auction/2025 दिनांकः 24.06.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) - झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है :-

**श्रेणी:** Misc-Static-Service-Water Vending Machines

**केटलोग संख्या:** WVM-GWL-04-25

| एसेट्स डिटेल्सः झाँसी मंडल के ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर वाटर वेडिंग मशीन के ठेके हेतु ई-नीलामी। | | ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समय | ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| यूनिट्स (स्टेशन) | प्लेटफार्म एवं लोकेशन | | |
| 03 -यूनिट- (ग्वालियर रेलवे स्टेशन) | (1) प्लेटफॉर्म-1- एक मशीन आउटवर्ड पार्सल ऑफिस के निकट आगरा छोर। (2) प्लेटफॉर्म-2/3- एक मशीन वाटर बूथ एवं ओ. एस. ओ.पी के मध्य आगरा छोर। (3) प्लेटफॉर्म - 4 - एक मशीन वाटर सी. ओ.पी स. 8 एवं सी.ओ.पी स. 9 के मध्य वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी छोर। | दिनांक 09.07.2025 को समय- 12:30 से | दिनांक 09.07.2025 को समय- 13:00 तक |

नोट- उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेवसाइट- www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। 1101/25 (A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



## उत्तर मध्य रेलवे

पत्र सं.-JHS/Catg/e-Auction/2025 दिनांक-24.06.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)- झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई -नीलामी आमंत्रित की जाती है :-

**श्रेणी :** खानपान **केटलोग संख्या :** CATG- JHS- 2025-4

**एसेट्स डिटेल्स**

झांसी मण्डल में एस.एम.यू एवं जी.एम.यू श्रेणी, केटरिंग स्टॉल आवेदन हेतु ई-नीलामी

| स्टेशन | प्लेटफार्म | लोकेशन | स्टॉल सं./आरक्षित |
|---|---|---|---|
| (जी.एम यू) | | | |
| चिरगांव | 01 | ओ.एच.ई पिलर स. 1159/19 के पीछे | 01 (महिला) |
| (एस.एम.यू.) | | | |
| ओरछा | 01 | MEET एवं GREET पॉइंट के निकट | 01 (अन्य पिछड़ा वर्ग) |
| दरियागंज | 01 | मौजूदा स्टेशन बिल्डिंग के बगल में छतरपुर छोर पर | 01 (अन्य पिछड़ा वर्ग -महिला) |
| निवाड़ी | 01 | पुरानी खपरैल बिल्डिंग के सामने | 01 (अनु. जाति ) |
| डबरा | 01 | प्लेटफॉर्म स. 01 पर डीलक्स टॉयलेट के निकट | 03 ( अल्पसंख्यक) |

ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समय : दिनांकः-09.07.2025 को समयः - 10:30 से

ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय : दिनांकः-09.07.2025 को समयः - 11:40 तक

नोटः- उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेवसाइट www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जायेगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। 1100/25(DG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


# छात्रावासों में छात्र-छात्राओं को पढ़ाने हेतु शिक्षकों एवं संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित

## आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून

**ग्वालियर।** ग्वालियर जिले में संचालित अनुसूचित जाति वर्ग के उत्कृष्ट छात्रावासों बालक/कन्या छात्रावास घाटीगाँव, डबरा, भितरवार व मुरार ग्वालियर में कक्षा ङ्क 9 एवं 10 में गणित, अंग्रेजी, अर्थव्यवस्था, कम्प्यूटर एवं कक्षा-11 व 12 में गणित, अंग्रेजी, भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान के लिये अंग्रेजी विषय पढ़ाने हेतु शिक्षक/कोचिंग संस्थाओं से आवेदन पत्र 30 जून तक आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पत्र सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ग्वालियर में प्रस्तुत किए जा सकते हैं। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य ग्वालियर से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोचिंग के लिये नियमानुसार शिक्षकों को 300 रूपए प्रति कालखंड एवं एक माह अधिकतम 20 कालखंड का मानदेय दिया जायेगा। कक्षा ङ्क 9 व 10 में कोचिंग देने वाले शिक्षकों को संबंधित विषय में ग्रेजुएशन में न्यूनतम 60 प्रतिशत तथा कक्षा-11 व 12 एवं महाविद्यालयीन के लिये संबंधित विषय में पोस्ट ग्रेजुएशन में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। शिक्षक एवं कोचिंग संस्थायें रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट आवेदन के साथ संलग्न करें। आवश्यक दस्तावेज आधारकार्ड, संबंधित विषय की अंकसूची, अनुभव प्रमाण-पत्र भी आवेदन के साथ अनिवार्यत– संलग्न किए जाएं। 30 जून के पश्चात आवेदन मान्य नहीं होंगे।

# आज 27 जून बलिदान दिवस की पूर्व संध्या पर निकाली जाएगी शौर्य ज्योति यात्रा

## 28 जून को सेना द्वारा सलामी, वीर नारियों का सम्मान एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

**ग्वालियर।** कारगिल युद्ध 1999 के अमर शहीद सरमन सिंह सेंगर के बलिदान दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन स्थानीय जेल रोड स्थित कारगिल शहीद सरमन सिंह पार्क (कारगिल युद्ध शौर्य स्मारक) बहोड़ापुर थाने के बगल से जेल रोड ग्वालियर किया जाएगा 27 जून 2025 बलिदान दिवस की पूर्व संध्या पर शाम- 6:30 बजे कारगिल युद्ध के 527 अमर बलिदानियों को समर्पित शौर्य ज्योति यात्रा निकाली जाएगी । प्रेस को जारी विज्ञप्ति में संस्था के सचिव विह्वल सेंगर ने बलिदान दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम ग्वालियर एवं कारगिल शहीद सरमनसिंह खेल एवं शिक्षा प्रसार संस्था के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित अमर शहीद हवलदार सरमन सिंह का बलिदान दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी बलिदान दिवस की पूर्व संध्या पर 27 जून 2025 को शाम 6:30 बजे शौर्य ज्योति यात्रा निकाली जाएगी 28 जून को सुबह 8:30 बजे सेना द्वारा सलामी के माध्यम से अमर शहीद हवलदार सरमन सिंह को सेल्यूट किया जाएगा साथ ही राष्ट्र रक्षा में अपना जीवन बलिदान देने वाले अमर बलिदानी परिवारों की वीरनारियों को सम्मानित किया जाएगा । वही 28 जून की शाम- 7बजे से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जिसमें देश के ख्याति प्राप्त कवि शिरकत करेंगे । संस्था ने ग्वालियर महानगरवासियों से विनम्र अपील की है कि कारगिल युद्ध 1999 के उन 527 अमर योद्धाओं को याद करते हुए ग्वालियर की माटी के सपूत कारगिल योद्धा हवलदार सरमन सिंह के बलिदान दिवस पर हम सब मिलकर उनके बलिदान को याद करते हुए अपनी श्रद्धा के सुमन अर्पित करें उनको नमन करें। जय हिंद ,जय हिंद की सेना।



कारगिल शहिद सरमन सिंह सेंगर (सेना मेडल) शहादत दिवस – 28 जून 1999

# संपादकीय

## मेडे, ये वो आपात संदेश

मेडे, ये वो आपात संदेश था जो अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया के विमान के पायलट ने उड़न भरने के तुरंत बाद हवाई यातायात नियंत्रक (एटीसी) को भेजा था, लेकिन एटीसी जब तक कोई प्रतिक्रिया करता तब तक दूसरी ओर सुनने वाला कोई बचा नहीं था। विमान टेक ऑफ करने के कुछ ही मिनटों के भीतर हवाई अड्डे के बाहर सिविल अस्पताल और बीजे मेडिकल कॉलेज के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में सवार देशी विदेशी यात्रियों और क्रू सहित 242 लोगों में से सिर्फ एक खुशकिस्मत यात्री के सिवा कोई नहीं बचा। मेडिकल कॉलेज होस्टल, कैफेटेरिया को भी भारी क्षति पहुंची और 10 से अधिक लोगों की भी मौत हुई है जिनमें कुछ प्रशिक्षु चिकित्सक थे। लंदन जा रहे गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की भी मृत्यु हो गई। स्वाभाविक तौर पर यह कभी न भूलने वाला गम है। हादसे के वास्तविक कारणों का पता तो जांच के बाद ही लग सकेगा, लेकिन कुछ तथ्यों पर तुरंत गौर करना जरूरी है। वह क्या कारण थे कि बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान (एआई171) उड़ान भरने के बाद 625 फुट से ऊपर नहीं उठ पाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विमान के लैडिंग गेयर भी तब तक सिमटे नहीं थे कि पायलट को आपात पुकार लगानी पड़ी, लैंडिंग गेयर समेटने की प्रक्रिया स्वचालित होती है। क्या विमान टेक ऑफ के लिए जरूरी गति नहीं पकड़ पाया था। विमान को तेजी से नीचे आते देखा गया और यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ऐसा भी नहीं है कि पायलट कम अनुभवी रहे हों। उड़ान की कमान कैप्टन सुमित सभरवाल के हाथों थी। सभरवाल के पास 8200 घंटे की उड़ान का अनुभव था। हादसे की परिस्थितियां विमान के रखरखाव को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। क्या उड़ान से पहले जरूरी जांचों में लापरवाही बरती गई थी? बोइंग कंपनी के विमानों को लेकर बीते वर्षों में इसमें कई तकनीकी और सुरक्षा से जुड़ी समस्याएं भी सामने आई हैं। कई बार ड्रीमलाइनर्स मॉडल के सभी विमानों को उड़ान भरने से रोका जा चुका है। कंपनी अभी तक तो सभी आरोपों से इनकार करके बचती रही है। अब वक्त आ गया है कि अहमदाबाद हादसे में मारे गए पायलट की आपात पुकार को हर वक्त सुना जाए और विमानों के मेंटिनेंस में लापरवाही को आपराधिक कृत्य माना जाए ताकि अब कोई और हादसा न हो और देश की छवि पर कोई धब्बा न लगे।

# जगन्नाथ का भात, जगत पसारे हाथ

(दिनेश चंद्र वर्मा-विनायक फीचर्स)

हिन्दू धर्म की वर्ण व्यवस्था एवं जाति परम्परा की आलोचना करना आज एक फैशन सरीखा हो गया है, पर इस धर्म में कई तीर्थ स्थान ऐसे भी हैं, जहां वर्ण एवं जाति का कोई भेदभाव नहीं किया जाता है। इन स्थानों पर प्रारम्भ से ही सभी जातियों एवं वर्णों को पूजा-अर्चना एवं उपासना का अधिकार है। इन स्थानों में पुरी का जगन्नाथ मंदिर विशेष उल्लेखनीय है। कहा तो यहां तक जाता है कि यदि इस मंदिर में कोई छुआछूत करता है तो उसे कोढ़ हो जाता है। इसीलिए यह लोकोक्ति प्रचलित हुई ÷जगन्नाथ का भात जगत पसारे हाथ।÷ अर्थात भगवान जगन्नाथ का प्रसाद पाने एवं पूजा करने का अधिकार सबको है।

भारतीय धर्मग्रंथों में जिन पवित्र नगरों (पुरियां) का उल्लेख मिलता है, उनमें पुरी भी एक है। इस क्षेत्र को विभिन्न धर्मग्रंथों में उचिष्ट क्षेत्र, उड्डीयन पीठ, पुरूषोत्तम क्षेत्र, जामनिक तीर्थ, शंख क्षेत्र, नीलाद्रि, श्री क्षेत्र, मर्त्य बैकुण्ठ, उत्कल एकाग्र क्षेत्र आदि भी कहा गया है। इस क्षेत्र में प्रतिष्ठित भगवान जगन्नाथ या जगदीश स्वामी की विशेषता यह है कि इनकी पूजा का उल्लेख, इतिहास में इस रूप में मिलता है कि पहले इनकी पूजा गिरिजनों एवं अबोध तथा अशिक्षित आदिवासियों द्वारा की जाती थी। बाद में सभी वर्ण इनकी पूजा और उपासना करने लगे।

पुरी के जगन्नाथ मंदिर की एक बड़ी विशेषता यह भी है कि इस पर आक्रांताओं ने आक्रमण तो अनेक बार किए, पर वे मंदिर की सीमा में भी प्रवेश नहीं कर सके। इसका सबसे बड़ा कारण यही था कि इसकी रक्षा के लिये सभी जातियों एवं वर्णों के भक्तों ने अपने प्राणों की आहुति दी। इस मंदिर के साथ हजारों आदिवासियों के बलिदान की गाथा जुड़ी हुई है।

भगवान जगन्नाथ के पुरी में विराजमान होने की कथाएं कई धर्मग्रंथों में मिलती हैं। एक कथा के अनुसार द्वारिका में एक बार भगवान श्री कृष्ण की पटरानियों ने माता रोहिणी से आग्रह किया कि वे गोपियों के साथ ब्रज भूमि में भगवान श्री कृष्ण की रासलीला और प्रेम का वर्णन सुनायें। इस आग्रह ने जब हठ का रूप धारण कर लिया तो माता रोहिणी तैयार हो गयी। पर उस समय श्रीकृष्ण की बहिन सुभद्रा, मां रोहिणी के पास बैठी हुई थी। माता रोहिणी को यह अनुचित लगा कि वे बहिन (सुभद्रा) के सामने भाई (श्रीकृष्ण) की रासलीलाओं का वर्णन करें। उन्होंने सुभद्रा से कहा कि तुम द्वार पर जाकर खड़ी हो जाओ, क्योंकि श्री कृष्ण आने वाले हैं। जब तक हमारी आज्ञा नहीं हो तब तक दरवाजे पर ही खड़ी रहना तथा किसी को (श्री कृष्ण को भी) भीतर नहीं आने देना।

सुभद्रा द्वार पर खड़ी हो गयीं। तभी



भगवान श्री कृष्ण एवं बलराम आ गये। सुभद्रा ने दोनों भाइयों को अपने दोनों हाथ फैलाकर उन्हें द्वार में प्रवेश करने से रोका। इसी समय देवर्षि नारद भी आ पहुंचे। उन्होंने दोनों भाईयों एवं बहिन को देखा तो कहा कि कितना अलौकिक दृश्य है। दोनों भाई एवं बहिन एक साथ दर्शन दे रहे हैं। जो भी आप तीनों का एक साथ दर्शन करेंगे, वे सौभाग्यशाली होंगे। नारद ने इन तीनों की स्तुति की तथा यह वरदान मांगा कि आप तीनों भक्तों के कल्याण के लिये इस रूप में दर्शन दें। नारद की यह प्रार्थना इन तीनों ने यह कहते हुए मान ली कि हम कलियुग में इसी रूप में प्रकट होकर अपने भक्तों का उद्धार करेंगे।

धर्मग्रंथों के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण, बलराम और भगिनी सुभद्रा अपने इस वरदान की पूर्ति के लिये उत्कल प्रदेश के नीलांचल पर्वत पर भगवान नील माधव के रूप में अवतरित हुए। उनके श्री विग्रह (प्रतिमा) की पूजा अर्चना देवता करते थे। उसी समय मालवा क्षेत्र पर राजा इन्द्रधुम्न शासक थे। (कुछ ग्रंथों में उन्हें उत्कल का शासक भी बताया गया है।) वे भगवान विष्णु के परम भक्त एवं उपासक थे। उन्हें जब भगवान नीलमाधव के अवतरण का पता चला तो उन्होंने चारों दिशाओं में दूत भेजकर पता चलवाया कि यह श्री विग्रह कहां स्थापित हैं? विद्यापति नामक एक ब्राह्मण के माध्यम से उन्हें पता चला कि भगवान नीलमाधव का यह श्री विग्रह उत्कल प्रदेश में नीलांचल पर्वत पर प्रतिष्ठित है। महाराज इन्द्र धुम्न इस श्रीविग्रह के दर्शनों के लिये परिवार सहित नीलांचल पर्वत के लिये प्रस्थित हुए। इन्द्रधुम्न के आगमन का समाचार मिलते ही देवता उस श्री विग्रह को देवलोक ले गए और नीलांचल पर्वत भूमि में धंस गया।

# रोजगार में बढ़ोतरी और श्रमिक कल्याण के डिजिटल उपाय

वी. अनंत नागेश्वरन

आधुनिक डिजिटल युग में, चैटबॉट, पोर्टल, ऑनलाइन शिकायत निवारण व्यवस्था और प्रबंधन सूचना प्रणालियों द्वारा संचालित ई-गवर्नेंस पोर्टल ने सरकार को लोगों के बेहद करीब ला दिया है। प्रौद्योगिकी के माध्यम से सरकार रोजगार वृद्धि और कामगारों की सामाजिक सुरक्षा सहित कई क्षेत्रों में सेवा प्रदान करने को फिर से परिभाषित और पुनर्संयोजित कर रही है। अब प्रक्रियाएं अधिक कुशल, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बन रही हैं। योजना से संबंधित पोर्टल अब ऑल-इन-वन (एकल सुविधा) प्लेटफ़ॉर्म के रूप में कार्य कर रहे हैं, जो धोखाधड़ी, मैन्युअल प्रक्रियाओं और प्रशासनिक बोझ कम करते हुए कार्यक्रमों के बारे में निर्बाध ज्ञान प्रवाह और लाभ मापन की सुविधा प्रदान करते हैं। योजनाओं को आधार कार्ड से जोड़े जाने और विभिन्न योजनाओं के साथ इसके अंतर्संबंध से किसी को दो बार लाभ लेने से रोकने के साथ ही यह सुनिश्चित होता है कि लाभ समय पर लक्षित लोगों तक ही पहुंचें। आपस में जुड़े पोर्टल कामगारों को लाभकारी योजनाओं तक पहुंचने और आवेदन की स्थिति जानने, रोज़गार के अवसरों का पता लगाने और कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने में सक्षम बनाते हैं। जबकि ये नियोक्ताओं को राष्ट्रीय प्रतिभा पूल के उपयोग में सहायता प्रदान करते हैं, जिससे कौशल और अनुभव के आधार पर कामगारों की भर्ती संभव हो पाती है। इसके अतिरिक्त, ये पोर्टल असंगठित श्रमिकों, नौकरी के इच्छुक कामगारों, नियोक्ताओं और रोज़गार के अवसरों का व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने में योगदान देते हैं, जिससे नीति निर्माताओं को सूचित, डेटा-समर्थित निर्णय लेने की सहूलियत मिलती है। किसी बड़े संकट के समय, महामारी इत्यादि के दौरान, ये डेटाबेस बेहद उपयोगी सिद्ध होंगे, जिससे ज़रूरतमंदों की शीघ्रता से पहचान और समय पर सहायता सुनिश्चित हो सकेगी। यह डिजिटल शासन में परिवर्तन को सुव्यवस्थित कर रहा है, नागरिकों को सशक्त बना रहा है और कल्याणकारी प्रयासों की व्यापकता और प्रभावशीलता बढ़ा रहा है। इन पहल के कुछ उदाहरणों की यहां चर्चा की गई है।

राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल इस परिवर्तनकारी पहल का एक उल्लेखनीय उदाहरण है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा 2015 में आरंभ किए गए इस पोर्टल ने रोजगार के इच्छुक व्यक्तियों को संबंधित सेवा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 5 करोड़ 50 लाख से अधिक कामगारों के पंजीकरण के साथ, यह एक वन-स्टॉप प्लेटफ़ॉर्म के रूप में काम कर रहा है जो नौकरी पाने के इच्छुक व्यक्तियों को देश भर में रोज़गार के अवसरों से जोड़ता है। इस पर उन्हें करियर काउंसलिंग, जॉब मैचिंग, इंटर्नशिप और अप्रेंटिसशिप (प्रशिक्षुता), कौशल विकास पाठ्यक्रम आदि की जानकारी प्रदान की जाती है। किसी राज्य विश्वविद्यालय से तुरंत स्नातक होने वाला छात्र पहले मोबाइल फ़ोन के ज़रिए देश भर में नौकरी के अवसरों को जानने की कल्पना भी नहीं कर सकता था। पर आज, एनसीएस की मदद से कोई भी व्यक्ति आसानी से स्थान के हिसाब से पीएम गतिशक्ति के साथ एकीकरण के ज़रिए, देश भर में नौकरियों की खोज कर सकता है, करियर और नौकरी संबंधी परामर्श प्राप्त कर सकता है और यहां तक कि स्किल इंडिया डिजिटल (एसआईडी) पोर्टल के ज़रिए आवश्यक कौशल भी हासिल कर सकता है। यह सब उसे फ़ोन पर या स्थानीय रोजगार मेलों में शामिल होकर मिल सकता है।

## शब्द सामर्थ्य -091

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा) 11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | | 8 | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | | | |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | 12 | ■ | |
| ■ | 11 | | 12 | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | | ■ | | ■ | 15 | | | ■ |
| 16 | | ■ | 17 | 18 | 19 | | | ■ |
| 20 | | 21 | ■ | 22 | | ■ | ■ | ■ |
| | ■ | | ■ | 23 | | | | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 090का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | ■ | ■ | ■ | खा | म | खाँ |
| णे | ■ | ल | ■ | झ | प | की | ■ | ■ |
| श | र | ब | त | ■ | रं | ■ | ■ | मि |
| ■ | ज | गा | ना | ■ | प | रा | का | ष्ठा |
| ■ | नी | र | ■ | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | ■ | ■ | प | ■ | ■ | य | ■ |
| म | र | णा | स | न्न | ■ | पा | नी | ■ |
| ची | ■ | ■ | प | ■ | पा | ■ | ■ | भो |
| न | ज | रा | ना | ■ | स | मा | चा | र |

## सू- दोकू क्र.091

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.090का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

# राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपको आपके कार्यक्षेत्र में कई सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। बेरोजगार व्यक्तियों को आज रोजगार मिलने की संभावना है, जिससे उनके आर्थिक हालात में सुधार आएगा। आज आप अपने कर्तव्य को अच्छे से निभाएंगे , जिससे घर में सब खुश होंगें। आज आपके शारीरिक कष्टों का निवारण होगा , जिससे आपको अच्छा महसूस होगा। भाई ङ्क बहनों के सहयोग से आप जिन्दगी में आगे बढ़ेंगे। मित्रों के साथ आज आप अच्छा समय बितायेंगे , उनके साथ बिजनेस को लेकर चर्चा करेंगें।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए लाभप्रद रहेगा। आज आपको व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ होगा , जिससे भौतिक सुख सुविधा में बढ़ोत्तरी होगी। आज आपके दाम्पत्य रिश्तों में सुधार होगा , जीवन में नयापन आएगा। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा है , उनको हायर एडुकेशन के लिए आज एडमिशन मिलने की संभावना है। आज आपकी मुलाकात समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति से होगी , कुछ राजनितिक मुद्दों पर विशेष बात हो सकती है। आज आपका स्वास्थ्य एकदम ठीक रहेगा , जिससे मन प्रसन्न बना रहेगा।

**मिथुन** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। जो लोग प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करना चाहते है ,आज उनको बढ़िया ऑफर मिलेगा। महिलायें आज घर को सजाने ङ्क सवांरने का काम करेंगी , इस काम में बच्चे उनकी मदद करेंगें। आज आपको घर में किसी बड़ी जिम्मेदारी को निभाने का अवसर प्राप्त होगा। आज जीवनसाथी के साथ आपका ताल ङ्क मेल बना रहेगा। आज आपको किसी व्यक्ति से धन लाभ के योग बन रहे है। अविवाहित व्यक्तियों को आज अच्छे रिश्ते का प्रस्ताव मिलेगा, जिससे जल्द ही आपके घर में खुशियां आएंगी।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आप सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर सकते है। आज आप लोगो को रोजगार में तरक्की के नए अवसर प्राप्त होंगें। आज का दिन लवमेट के लिए खुशी देने वाला होगा, पारिवारिक सहयोग मिलेगा। आज आप काम को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे , जिसमें आपको सफलता मिलेगी। शादीशुदा रिश्तों में मनङ्कमुटाव दूर होगा, घर में रौनक बनी रहेगी। आज अचानक घर में मेहमानों का आगमन होगा, जिससे घर में चहल ङ्क पहल बनी रहेगी। नौकरी में कार्यरत व्यक्तियों को आज उन्नति के अवसर प्राप्त होंगें।

**सिंह** आज का दिन आपके लिये मिला ङ्क जुला रहेगा। व्यापार में धन लाभ होने के साथ ङ्क साथ खर्च की अधिकता रहेगी। आज आपको स्वास्थ्य सम्बन्धी किसी समस्या से राहत मिलेगी , जिससे आज आप खुद को बेहतर महसूस करेंगें। छात्रों को आज स्कूल में होने वाली प्रतियोगिता मे शामिल होने का बेहतरीन अवसर प्राप्त होगा। लवमेट आज एक ङ्क दूसरे का ध्यान रखें और अपने रिश्ते पर विश्वास कायम रखें, जिससे आप लोग खुश रहें। आज आपको सामाजिक समारोह में शामिल होने का निमंत्रण प्राप्त होगा, जहां आपकी मुलाकात आपके परिजनों से होगी।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज आपमें एक नयी उर्जा का अहसास होगा, जिससे आप आलस्य का त्याग करके दिनचर्या से जुड़े सारे काम बखूबी करेंगें। घर से बाहर रहकर पढ़ने ङ्क लिखने वाले बच्चों को पेरेंट्स का सहयोग बना रहेगा , जिससे वो बेफिक्र होकर अपनी पढाई करेंगे। दाम्पत्य जीवन खुशहाल बना रहेगा , बड़ो का आशीर्वाद प्राप्त होगा। जरूरतमंद मित्र की आज आप मदद करेंगे , जिससे आपकी मित्रता और प्रगाढ़ होगी। आज आप सामाजिक नियमों का पालन करते हुए अपने जीवन को सही दिशा प्रदान करेंगे।

**तुला** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको व्यापार में बड़ा धन लाभ होगा, पारिवारिक माहौल सुखमय बना रहेगा। आज आप शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने का विचार कर सकते हैं, इसके लिए आप किसी प्रोफेशनल व्यक्ति की सलाह भी ले सकते हैं। आज आप ऐसे व्यक्तियों से दूरी बनाकर रखें, जो आपके सामने कुछ और पीठ पीछे कुछ और हैं। आज आपके घर मांगलिक प्रोग्राम की शुरुआत होगी। आज आपको राजनीति से जुड़े व्यक्ति से मिलने का सौभाग्य प्राप्त होगा। आज आपको किसी समस्या से छुटकारा मिलेगा, जिससे आपको प्रसन्नता होगी।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको मेहनत का फल अवश्य प्राप्त होगा , जिससे आपका आत्मविश्वास दृढ होगा। आज आप दोस्तों के साथ अच्छा टाइम स्पेंड करेंगें , आपको ख़ुशी मिलेगी। आज बच्चे किसी चीज को लेकर आपसे जिद कर सकते है। आज आप सामाजिक क्रिया कलापों में व्यस्त रहेंगें , जिससे आपको कुछ चीजें करीब से देखने का मौका मिलेगा। अविवाहित व्यक्तियों को आज विवाह का प्रस्ताव मिल सकता है।

**धनु** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपको बिजनेस में अच्छी डील मिलेगी , जिससे आपके बिजनेस को बढ़िया लाभ होगा। पारिवारिक माहौल खुशनुमा बना रहेगा , जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। घर से बाहर रह रहे व्यक्तियों को आज घर जाने का मौका मिलेगा। सामाजिक तौर पर कार्यरत व्यक्तियों को आज समाज के भिन्न ङ्क भिन्न वर्गों के लोगो से मिलने का मौका मिलेगा। आज आप बच्चों के साथ खूब इंजॉय करेंगें, बाहर खाने पर भी बच्चों को ले जा सकते है। आज नौकरी में कार्यरत व्यक्तियों को उन्नति के अवसर प्राप्त होंगें।

**मकर** आज का दिन आपके लिए मिला ङ्क जुला रहेगा। आज आप सुबह की सैर करने जा सकते हैं, जिससे आज आप पूरा दिन उर्जावान बने रहेंगें। ऑफिस में आज आपकी सहकर्मी के साथ काम को लेकर कुछ विशेष बात हो सकती है, सब लोग मिलकर अच्छे से काम करेंगें। जीवनसाथी के साथ आज आप शाम को डिनर पर जायेंगें , आपके रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। आज आपको घर के बड़े बुजुर्ग से मिलने का सौभाग्य प्राप्त होगा। आज आप ज्यादा समय पढ़ने लिखने में बिताएंगे। आज आपको आपके साहसिक कार्य के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिये शानदार रहेगा। आज आपको पार्टनरशिप में किसी बिजनेस का ऑफर मिल सकता है, जिसमें आपको बढ़िया धन लाभ होगा। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा, बच्चों से स्नेह मिलेगा। रोजगार में तरक्की के बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगें, जिससे भौतिक सुख की प्राप्ति होगी। कला जगत से जुड़े हुए व्यक्तियों आज कला को निखारने का बढ़िया मौका मिलेगा। आज आप आध्यात्म में ज्यादा समय बिताएंगे, जिससे मन में शांति का अनुभव होगा। हेल्थकेयर से जुड़े लोगों को आज रोज की अपेक्षा अक मेहनत करनी पड़ेगी।

**मीन** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको व्यापार में बढ़िया धन लाभ होगा , जिससे आपके बिजनेस को ग्रोथ मिलेगी। छात्र जीवन से जुडी समस्याओं का समाधान होगा , जिससे वो पढ़ाई में बढ़िया परफोर्म करेंगें। लंबे समय से चल रही किसी समस्या का समाधान होगा , जिससे मन का बोझ हल्का होगा। आज लंबे समय बाद किसी दोस्त से मुलाकात होगी, जिससे मिलकर आपको खुशी होगी। शिक्षकों को आज थोडा ज्यादा काम करना पड़ सकता है, जिससे थकान का अनुभव होगा।

# वचन निभाने दो सौ वर्षो से भगवान जगन्नाथ आते हैं मानौरा

(अंजनी सक्सेना-विभूति फीचर्स)

भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का महोत्सव पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाता है।सारे देश में आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया को हर्षोल्लास से रथयात्रा निकाली जाती है। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के नजदीक विदिशा जिले के मानौरा गांव में भी यह रथ यात्रा धूमधाम से निकाली जाती है,लेकिन यहां यह उत्सव इसलिए विशिष्ट और अलग है कि यहां यह आरंभ ही तब होता है जब पुरी में भगवान जगन्नाथ के रथ के पहिए थम जाते हैं। यहाँ लगभग 200 वर्षो से यह परम्परा चल रही है।जब हमारे देश में संचार के साधन सीमित थे और रेडियो, टीवी जैसी चीजों का नामों निशान ही नहीं था,तब भी यही कहा जाता था कि भगवान जगन्नाथ मानौरा आने के लिए पुरी में अपने रथ का पहिया रोक लेते हैं।

मानौरा मध्यप्रदेश के विदिशा जिले का एक सामान्य सा गांव होते हुए भी विशिष्ट है। यहाँ मेहमानों का अभिवादन भी जय जगदीश कह कर किया जाता है। यहां भगवान जगन्नाथ ( जिन्हें मानौरा में जगदीश कहते हैं), भगवान बलभद्र एवं देवी सुभद्रा का दो सौ वर्ष पुराना मंदिर है । पुरी की ही तरह यहां भी आषाढ़ दूज पर रथयात्रा निकाली जाती है। यहां की रथयात्रा सबसे अनोखी इसीलिए मानी जाती है कि यहां यह रथयात्रा प्रारंभ तभी होती है जब पुरी में भगवान जगन्नाथ के रथ के पहिए थमे होते हैं। इस दृश्य को देखने के लिए मानौरा में प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है।

मानौरा में भगवान जगदीश स्वामी का अति प्राचीन मंदिर है।जिसमें भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के श्री विग्रह स्थापित हैं।चंदन की बनी ये प्रतिमाएं स्वयंभू हैं,वे यहां स्वयं प्रगट हुई हैं। जगन्नाथ पुरी की ही तरह यहां भी इन तीनों की पूजा आराधना की जाती है तथा मीठे भात (चावल)का भोग लगाया जाता है। मानौरा के जगदीश मंदिर में प्रतिदिन तो सैकड़ो लोग आते हैं और यहां अपनी अपनी मन्नत मांगते है लेकिन रथयात्रा महोत्सव में यहां लाखों लोग आते हैं और जगदीश जी के दर्शन करते हैं। इस दिन यहां चारों ओर जय जगदीश का ही उद्?घोष सुनायी देता है। इसमें दिलचस्प यह भी है कि जब उड़ीसा में पुरी में रथयात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ के रथ के पहिए कुछ क्षणों के लिए थमते हैं तो वहां के पुजारी बाकायदा घोषणा करते है कि भगवान मानोरा पधार गए हैं।

मानोरावासियों का मानना है कि जब पुरी का रथ थमता है, तो भगवान जगदीश स्वामी स्वयं पुरी से मानौरा आ जा जाते हैं।

**भगवान मानौरा क्यों आते है ?**

मानौरा के ग्रामीण और पुराने लोग बताते हैं कि भगवान जगदीश के मानौरा पधारने के पीछे भी एक इतिहास है। वर्षो पूर्व मानौरा के तरफदार मानिकचंद रघुवंशी निसंतान थे उनकी पत्नी देवी पद्?मावती इससे बहुत दुखी रहा करती थीं।इन दोनों पति पत्नी की भगवान जगदीश में घनघोर आस्था थी। दोनों ने पिंड भरते हुए (दंडवत करते हुए यात्रा करने को मानौरा एवं विदिशा जिले में पिंड भरना कहा जाता है।)भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए पुरी जाने का निश्चय किया।मानौरा से दंडवत करते हुए दोनों पति पत्नी जगन्नाथ पुरी चल पड़े। दुर्गम रास्ते और कांटेदार जंगलों में चलते



चलते उनका पूरा शरीर लहुलुहान हो गया लेकिन इस दंपत्ति ने हार नहीं मानी और तब भगवान जगन्नाथ ने स्वयं प्रगट होकर इन्हें वापस मानौरा लौटने को कहा । अपने भक्त की भक्ति से प्रसन्न होकर हर वर्ष मानौरा में दर्शन देने का भी वचन दिया । तभी मानौरा में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की मूर्तियां भी प्रगट हुई। भक्त मानते हैं कि अपने वचन को निभाने के लिए जगदीश जी मानौरा में प्रगट हुए और हर वर्ष आषाढी दूज को रथयात्रा के दिन अपने भक्तो को दर्शन देने मानौरा पधारते हैं।

**अपने आप खुलते हैं मंदिर के द्वार**

मंदिर के पुजारी बताते हैं कि रथयात्रा की पूर्व संध्या पर भगवान को भोग और शयन आरती के बाद रोज की तरह मंदिर के पट बंद कर दिए जाते हैं लेकिन रथयात्रा वाले दिन सुबह यह पट अपने आप खुले हुए मिलते हैं। रथयात्रा के लिए जब भगवान को रथ में सवार कराया जाता है तब अपने आप हल्का सा कंपन होता है या रथ अपने आप लुढ़कने लगता है। पुजारी का कहना है कि ठीक उसी समय पुरी में भगवान जगन्नाथ के रथ के पहिए थम जाते हैं और वहां के पुजारी घोषणा करते है कि भगवान मानौरा पधार गए हैं।

**चढ़ता है अटका**

मानौरा मंदिर में जगदीश जी की पूजा पुरी में भगवान जगन्नाथ की तरह ही की जाती है। यहां भी मिट्टी की हंडियों में मुख्य पुजारी द्वारा मीठे चावल (भात) बनाये जाते हैं। श्रद्धालु अपनी मन्नत पूरी होने पर भी भगवान को अटका (मीठे भात का भोग) अर्पित करते हैं। मानौरा के भगवान जगदीश के प्रति श्रद्धालुओं की श्रद्धा का दृश्य आज भी अद्भुत एवं अनुपम होता है। यहाँ आसपास के सैकड़ों गांवो के लोग कीचड़ भरे दुर्गम पथरीले कंकड़ पत्थरों से भरे रास्ते पर पिंड भरते हुए या नंगे पैर पदयात्रा करते हुए आते हैं।

कीचड़ सने पथरीले रास्तों पर इन श्रद्धालुओं के श्रद्धा और विश्वास को देखते हुए बरबस ही आंखे नम हो जाती हैं और सहसा ही हाथ ऐसे श्रद्धालुओं के सम्मान में जुड़ जाते हैं जिन्हें न अपने शरीर की सुध है न हाथ पैरों के छिलने की चिंता है और न ही भूख प्यास की परवाह वे तो सिर्फ एक ही धुन में मगन हैं- जय जगदीश, जय जगदीश।

# कैफ ने बताया यशस्वी सहित भारतीय खिलाड़ियों के हाथ से इस कारण गिर रहे कैच

**लीड्स, (ए.)।** इंग्लैंड के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में भारतीय टीम की हार का एक कारण खराब क्षेत्ररक्षण भी रहा। इस मैच में भारतीय खिलाड़ियों ने काफी कैच छोड़े, अकेले यशस्वी जायसवाल ने ही पांच कैच छोड़ दिये। इसी कारण मैच में पांच शतक लगाने के बाद भी भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा। यशस्वी के क्षेत्ररक्षण का स्तर काफी नीचे था जिसके लिए दिग्गज क्रिकेटरों ने उनकी आलोचना की है। वहीं अपने जमाने के बेहतरीन क्षेत्ररक्षक रहे मोहम्मद कैफ ने यशस्वी के हाथ से कैच गिरने का कारण बताया है।

कैफ ने सोशल मीडिया में एक वीडियो जारी कर यशस्वी सहित भारतीय खिलाड़ियों के कैच छोड़ने का तकनीकी कारण बताया है। उन्होंने कहा, हम ड्यूक गेंद से अभ्यास करते हैं। वहीं इंग्लैंड में




मौसम ठंडा होता है और जब हमें हाथ पर चोट लगती है तो हम पट्टी लगा लेते हैं। ऐसी स्थिति में उंगलियां जकड़ जाती हैं और उनका फ्री मूवमेंट नहीं हो पाता। आप कैच नहीं पकड़ पाते क्योंकि पट्टी उसमें आड़े आती है। पट्टी स्पॉन्ज का काम करती है। जैसे ही गेंद यहां गिरेगी, यह स्पॉन्ज का काम करेगी। गेंद उस पर लगकर उछलकर बाहर निकल जाएगी। वहीं पट्टी के बिना आप आसनी से कैच पकड़ पाते हैं। गेंद के साथ स्वाभाविक संबंध खोने से परेशानी होती है। यशस्वी जायसवाल ने लीड्स टेस्ट में ओली पोप, बेन डकेट और हैरी ब्रूक जैसे खिलाड़ियों को जीवनदान दिया। डकेट का तो उन्होंने दोनों पारियों में कैच छोड़ा। ऑली ने पहली पारी में शतक लगाय जबकि ब्रूक ने 99 रन बनाए और डकेट ने 62 रन। जायसवाल ने दूसरी पारी में भी डकेट का कैच छोड़ा और तब वह 97 रन बनाकर खेल रहे थे। बाद में डकेट ने 149 रन बनाकर अपनी टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

गौरतब है कि टेस्ट क्रिकेट में 3 तरह की गेंदों का इस्तेमाल होता है- ड्यूक, एसजी और कूकाबुरा। टेस्ट मैच में अलग-अलग देश अलग-अलग तरह की गेंदों का इस्तेमाल करती हैं। इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और आयरलैंड में ड्यूक गेंद का इस्तेमाल होता है। वहीं भारत में एसजी यानी सैंसपेयरिल्स ग्रीनलैंड्स गेंद का इस्तेमाल होता है जबकि ऑस्ट्रेलिया सहित अन्य टीमें कूकाबुरा गेंद से खेलती हैं।

# ऋषभ 800 रेटिंग अंक हासिल करने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बने

**दुबई, (ए.)।** भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने लीड्स टेस्ट की दोनो पारियों में शतक लगाने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। इससे ऋषभ अपने करियर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के 800 रेटिंग अंक हासिल करने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बन गये हैं। आईसीसी की ताजा रैंकिंग के अनुसार ऋषभ 800 रेटिंग अंक के साथ ही सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

इस आक्रामक बल्लेबाज ने पहली पारी में 178 गेंदों पर 12 चौकों और 6 छक्कों की सहायता से 134 रन बनाए जबकि दूसरी पारी में 140 गेंदों पर 15 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 118 रन बनाए। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में इस बल्लेबाज का स्ट्राइक रेट 75.28 था जबकि दूसरी पारी में यह बढ़कर 84.29 पहुंच गया।

वहीं पहले टेस्ट में एक शतक और अर्धशतक लगाने वाले इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट को भी रैंकिंग में लाभ हुआ है। वह पांच स्थान ऊपर आकर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल और अन्य खिलाड़ियों की रैंकिंग भी बेहतर हुई। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट 889 रेटिंग अंक हासिल कर नंबर एक पर हैं। वहीं हैरी ब्रूक 874




रेटिंग अंक के साथ दूसरे स्थान पर बने हुए है। न्यूजीलैंड के केन विलियमसन तीसरे और भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जासवाल 851 रेटिंग अंक के साथ चौथे स्थान पर हैं।

इंग्लैंड के ओली पोप तीन स्थान ऊपर आकर 19वें स्थान पर और जेमी स्मिथ 27वें स्थान पर है, दोनों की रैंकिंग बेहतर हुई है। शुभमन मैच की पहली पारी में शतक लगाने के बाद पांच स्थान के लाभ के साथ ही 20वें स्थान पर पहुंच गए। वहीं श्रीलंका और बंगलादेश के बीच ड्रॉ हुए पहले टेस्ट में कई खिलाड़ियों की बल्लेबाजी रैंकिंग बेहतर हुई है। वहीं गाले में 163 रन की पारी खेलने वाले बांग्लादेश के मुशफिकुर रहीम बल्लेबाजों की सूची में 11 पायदान ऊपर आकर 28वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि बांग्लादेश के ही नजमुल हुसैन शांतो इसी मैच में दो शतक लगाने के बाद 21 स्थान की छलांग लगाकर 29वें स्थान पर पहुंच गए हैं। खेली। रहीम टेस्ट

टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में कोई विशेष बदलाव नहीं हुआ है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हेडिंग्ले टेस्ट में एक बार फिर पांच विकेट लेने के कारण नंबर एक स्थान पर पहुंच गये हैं। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स टेस्ट ऑलराउंडरों की सूची में तीन स्थान के लाभ से पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं स्कॉटलैंड, नेपाल और नीदरलैंड के बीच त्रिकोणीय सीरीज में प्रदर्शन के बाद नीदरलैंड के तेज गेंदबाज माइकल लेविट 16 स्थान ऊपर आकर 14वें स्थान पर और स्कॉटलैंड के ऑलराउंडर ब्रैंडन मैकमुलेन 20 पायदान ऊपर 38वें स्थान पर पहुंच गये हैं।

# शेयर बाजार भारी तेजी के साथ बंद

## सेंसेक्स 1000 अंक ऊपर आया, निफ्टी 25,549 पर पहुंचा

**मुंबई, (ए.)।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को भारी तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1000 अंक उछलकर 83,755.87 पर बंद हुआ जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 304 अंक बढ़कर 25,549.00 पर बंद हुआ। आज के कारोबार के दौरान निफ्टी पर श्रीराम फाइनेंस, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, जियो फाइनेंशियल, अडाणी पोर्ट्स के शेयरों को सबसे अधिक लाभ हुआ ओर ये हरे निशान पर बंद हुए। वहीं डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज, टेक महिंद्रा, हीरो मोटोकॉर्प, मारुति सुजुकी, एसबीआई के शेयर सबसे अधिक नुकसान में रहे और लाल निशान पर बंद हुए।



कारोबार के दौरान निजी बैंक, तेल एवं गैस के अलावा धातु सूचकांकों में 1 से 2 फीसदी की बढ़त रही जबकि रियल्टी, मीडिया सूचकांकों में 1-1 फीसदी की गिरावट रही। बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.5 फीसदी की तेजी आई जबकि स्मॉलकैप सूचकांक में कोई बदलाव नहीं हुआ। भारतीय रुपया गत दिवस के 86.09 के मुकाबले गुरुवार को 39 पैसे बढ़कर 85.70 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वहीं एशियाई बाजारों की बात करें तो उसमें बढ़त रही। इजरायल-ईरान के बीच युद्धविराम से भी बाजार में उत्साह का माहौल है। इससे दुनिया भर के साथ ही भारतीय बाजार में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इससे पहले आज सुबह बाजार हरे निशान में खुले। बीईएल, भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, मारुति सुजुकी और एमएंडएम के शेयरों में खरीदारी के कारण बाजार में बढ़त रही। सुबह बीएसई सेंसेक्स करीब 100 अंक चढ़कर 82,882.92 पर खुला। खुलते ही बाजार में खरीदारी देखने को मिली जिससे इंडेक्स में बढ़त और बढ़ गई। यह 242.79 अंक की बढ़त लेकर 82,998.30 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी भी मजबूती के साथ हरे निशान में खुलकर 95.80 अंक की बढ़त के साथ 25,340.55 पर कारोबार कर रहा था। । जापान का निक्केई इंडेक्स 0.98 फीसदी चढ़ा, जबकि टॉपिक्स इंडेक्स में 0.48 फीसदी की तेजी रही। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.51 फीसदी गिरा और ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स~200 0.11 फीसदी फिसल गया। अमेरिकी बाजारों में बुधवार रात हल्की हलचल रही। एसएंडपी 500 मामूली गिरावट के साथ 6,092.16 पर बंद हुआ, जबकि नेशनल कम्पो?जिट 0.31 फीसदी की बढ़त के साथ 19,973.55 पर बंद हुआ। वहीं डाओ जोंस 0.25 फीसदी गिरकर 42,982.43 पर बंद हुआ।




कोलंबो में श्रीलंका और बांग्लादेश मुकाबले में इबादत हुसैन का विकेट मिलने पर उत्साहित आसिता फर्नांडिज और अन्य खिलाड़ी।

## नेस्ले इंडिया अपने शेयर धारकों को 1~1 बोनस शेयर जारी करेगी

**नई दिल्ली, (ए.)।** रोजमर्रा के उपयोग में आने वाली घरेलू वस्तुएं बनाने वाली कंपनी नेस्ले इंडिया के निदेशक मंडल ने अपने मौजूदा शेयरधारकों को 1~1 के अनुपात में बोनस शेयर जारी करने के प्रस्ताव गुरुचसा कसे मंजूर कर लिया है। नेस्ले इंडिया ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि एक रुपये अंकित मूल्य का बोनस शेयर कंपनी के सदस्यों द्वारा धारित एक रुपये अंकित मूल्य के शेयर को पूर्ण रूप से जारी किया जाएगा। बोनस शेयर प्राप्त करने के लिए कंपनी के सदस्यों के अधिकार का निर्धारण करने की रिकॉर्ड तिथि की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। नेस्ले ने 19 जून को घोषणा की थी कि कंपनी का निदेशक मंडल बोनस शेयर जारी करने पर विचार करेगा। कंपनी के निवर्तमान चेयरमैन ने कहा कि नेस्ले इंडिया के निदेशक मंडल की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में 1~1 बोनस शेयर जारी करने को मंजूरी दे दी है जो 24 जुलाई को नेस्ले इंडिया द्वारा आयोजित असाधारण आम बैठक (ईजीएम) में अंतिम मंजूरी के अधीन है।

# सोने के भाव 97,600 के पार, चांदी भी लगभग 1.06 लाख रुपए

**नई दिल्ली, (ए.)।** सोने-चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत में गुरुवार को भी तेजी देखने को मिल रही है। दोनों के वायदा भाव गुरुवार को तेजी के साथ खुले। सोने के भाव 97,500 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,06,400 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। वै?श्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं।

सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स)पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 243 रुपये की तेजी के साथ 97,600 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 97,357 रुपये था। इस समय यह 123 रुपये की




तेजी के साथ 97,480 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रेक्ट 425 रुपये की तेजी के साथ 1,06,405 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,05,980 रुपये था। इस समय यह 422 रुपये की तेजी के साथ 1,06,402 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वहीं वै?श्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोना 3,347.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,343.10 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 12.80 डॉलर की तेजी के साथ 3,355.90 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई छू लिया है। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 36.22 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला बंद भाव 36.11 डॉलर था।

# वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रहीः आरबीआई

**नई दिल्ली, (ए.)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मासिक आर्थिक बुलेटिन के मुताबिक मई 2025 के लिए वैश्विक अनिश्चितता के बीच अलग-अलग हाई-फ्रिक्वेंसी इंडिकेटर्स भारत में औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में मजबूत आर्थिक गतिविधि की ओर इशारा करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कृषि ने 2024-25 में प्रमुख फसलों के उत्पादन में व्यापक आधार पर वृद्धि हुई। घरेलू कीमतों की स्थिति सौम्य बनी हुई है और मई में लगातार चौथे महीने हेडलाइन मुद्रास्फीति लक्ष्य से नीचे है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्तीय स्थितियां ऋण बाजार में दरों में कटौती के ट्रांसमिशन की सुविधा के लिए अनुकूल बनी हुई हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था अस्थिर स्थिति में है, जो व्यापार नीति अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनावों में वृद्धि के दोहरे झटकों से जूझ रही है। घरेलू मोर्चे पर मई में जारी अनंतिम अनुमानों ने 2024-25 में भारत की वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहने की पुष्टि की




है, जिसमें चौथी तिमाही में महत्वपूर्ण क्रमिक वृद्धि होगी। मई के लिए अलग-अलग हाई-फ्रिक्वेंसी इंडिकेटर्स औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में मजबूत आर्थिक गतिविधि के संकेत देते हैं। पीएमआई के लिए सर्वे किए गए देशों में भारत में गतिविधि में समग्र विस्तार सबसे अधिक रहा, जिसमें मई में देखे गए नए निर्यात ऑर्डर में विस्तार अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में देखे गए कॉन्ट्रैक्शन के बीच एक अपवाद था। मई के लिए कुल मांग के हाई-फ्रिक्वेंसी इंडिकेटर्स ने भी ग्रामीण मांग में वृद्धि का सुझाव दिया। कंज्यूमर सेंटीमेंट के दूरदर्शी सर्वेक्षण वर्तमान अवधि के लिए स्थिर उपभोक्ता विश्वास और भविष्य के बारे में बेहतर आशावाद दिखाते हैं। आरबीआई बुलेटिन में कहा गया है कि वैश्विक आर्थिक, व्यापार और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बावजूद ये सभी भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती दिखाई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अस्थिर और ऊंचे सोने और चांदी की कीमतों के प्रभाव को छोड़कर कुछ नरमी के संकेतों के साथ स्थिर कोर मुद्रास्फीति यह दर्शाती है कि अंतर्निहित मुद्रास्फीति दबाव शांत बना हुआ है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इकोनॉमिक आउटलुक, टैरिफ संबंधी समाचार और विकसित होते घरेलू परिदृश्य पर वैश्विक संकेतों के कारण उतार-चढ़ाव के बावजूद मई-जून के दौरान इक्विटी बाजारों में मामूली वृद्धि दर्ज की गई।



अमेरिका में फीफा क्लब विश्वकप में खेलते हुए उरावा रेड डायमंड व सीएफ मोंटेरी क्लब के खिलाड़ी।

## टी20 विश्वकप फाइनल में विराट नहीं अक्षर की पारी से पलटा मैच ~ रोहित

**मुम्बई, (ए.)।** भारतीय टी20 टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि विश्वकप फाइनल में विराट कोहली ने काफी अच्छी पारी खेली थी पर मैच को पलटने में अक्षर पटेल की अहम भूमिका रही है। भारतीय टीम ने पिछले साल हुए टी20 विश्वकप खिताबी मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को हराकर 11 साल के बाद खिताब जीता था। रोहित ने विश्वकप फाइनल को लेकर, 'बहुत से लोग अक्षर पटेल की पारी के बारे में बात नहीं करते पर मेरा मानना है कि अक्षर की 31 गेंदों पर 47 रनों की पारी से ही मैच भारतीय टीम के पाले में आया। ' रोहित ने इस मैच में एक छोर संभाले रखने के लिए विराट की भी प्रशंसा की। रोहित ने कहा, हमें एक ऐसे व्यक्ति की जरूरत थी जो विकेट पर टिका रहे। विराट ने उस काम को काफी अच्छे से निभाया। विराट की ठोस बल्लेबाजी के कारण ही शिवम, अक्षर, हार्दिक को तेजी से खेलने का अवसर मिला इस मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 176 रन बनाए थे। इसमें विराट कोहली ने सबसे ज्यादा 76 रन बनाये।

# शास्त्री बोले, बुमराह को दूसरे टेस्ट के लिए आराम देना सही नहीं

**मुम्बई, (ए.)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम नहीं दिया जाना चाहिये। शास्त्री के अनुसार भारतीय टीम पहला टेस्ट मैच हारने से सीरीज में पिछड़ गयी है। पहले टेस्ट में बुमराह को छोड़कर अन्य गेंदबाज विरोधी टीम पर दबाव बनाने में विफल रहे। ऐसे में अगर वह नहीं उतरे तो दूसरे टेस्ट में भारतीय टीम की मुश्किलें बढ़ जाएंगी। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भारत पहला मैच हार चुका है और इस सीरीज से पहले ही तय हो गया था कि बुमराह को केवल तीन मैचों में ही उतारा जाएगा ताकि उनपर अधिक बोझ नहीं पड़े। भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर का भी कहना है कि बुमारह को वह अधिक मैच खेलने को नहीं करेंगे। वह पहले की तरह ही पांच में से तीन मैच खेलेंगे। ऐसे में दूसरे टेस्ट से बुमराह बाहर बैठ सकते हैं पर शास्त्री इस रणनीति को सही नहीं मानते। उनका कहना है कि ऐसे में टीम 2-0 से पीछे हो जाएगी।

शास्त्री ने कहा, बुमराह ने कहा कि वह तीन




टेस्ट मैच खेलेंगे। अब, वह तीनों में से कौन सा खेलेंगे, यह एक और सवाल है जिसे पूछा जाना चाहिए। मुझे लगता है कि अगर वह दूसरे मैच में आराम करते हैं तो वह निश्चित रूप से लॉर्ड्स में उतरेंगे। इसके बाद वह अगले मैच में आराम करेंगे और फिर मैनचेस्टर में उतरेंगे। इसी दौरान टीम के 2-0 से पीछे होने का खतरा है। इसी को देखते हुए उन्हें खेलना होगा।

शास्त्री ने यह भी कहा कि भारतीय टीम को दूसरा टेस्ट जीतकर वापसी करनी होगी क्योंकि इससे पहले टीम न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी पिछली दो टेस्ट सीरीज हारी है। स्त्री ने कहा, यह काम कठिन होगा क्योंकि मैं अभी कमेंट्री बॉक्स में उसे बता रहा था कि हम न्यूजीलैंड के खिलाफ 3-0 से हारे थे, ऑस्ट्रेलिया में भी सीरीज हार गए और ऐसे में अब यह एक कठिन सीरीज रहेगी। इसमें आपके पास एक कदम आगे जाने का अवसर था क्योंकि अनुभवी खिलाड़ियों के बाहर होने से मेजबानों की गेंदबाजी कमजोर है इस अवसर का भारतीय टीम को लाभ उठाना चाहिये।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ ढ़ही ऑस्ट्रेलियाई टीम, पहली पारी में 180 रनों पर आउट हुई

**ब्रिजटाउन, (ए.)।** वेस्टइंडीज के खिलाफ यहां पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत खराब रही है ओर वह पहली पारी में 56.5 ओवर में ही 180 रन पर आउट हो गयी।

ऑस्ट्रेलिया को केवल एक ही बल्लेबाज इस मैच में 50 रन से अधिक बना पाया। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी शुरु की पर उसे इसका लाभ नहीं हुआ। इस मैच में वेस्टइंडीज के युवा गेंदबाजों के सामने ऑस्ट्रेलयाई बल्लेबाज टिक नहीं पाये। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास 3 रन ही बना पाये। वहीं तीसरे नंबर पर उतरे ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन 3 और चौथे नंबर के बल्लेबाज जोश इंग्लिस 5 रन बनाकर आउट हुए।

# हत्या के मामले में फरार 10 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त बोलेरो बरामद



**शिवपुरी ब्यूरो।** पिछोर थाना पुलिस ने मारपीट कर हत्या करने के मामले में फरार चल रहे 10 हजार रूपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से कब्जे में घटना में प्रयुक्त बोलेरो गाड़ी व आलाजर को बरामद किया है। एक अन्य आरोपी फरार है जिसकी तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार 10.06.2025 को थाना पिछोर पुलिस को बुधना नदी में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश डली हुई मिली, जिस पर से थाना पिछोर में मर्ग क्रमांक 39/25 धारा 194 बीएनएसएस का पंजीबद्ध कर जाँच में लिया गया, दौराने जाँच मृतक की शिनाख्त की गई तो उसका नाम बंटी जाटव निवासी करैरा का होना एवं रामरतन के ढाबे पर दिनांक 06.06.2025 के काम करना पता चला तथा ढाबा संचालक रामरतन लोधी, जयकुमार लोधी, केरन लोधी व मुलायम लोधी द्वारा बंटी जाटव की लाठी, डंडों व लात घूंसों से मारपीट कर हत्या करना जाँच में पाया गया, जिस पर से थाना पिछोर पर अपराध क्रमांक 340/25 धारा 103(1), 238, 115(2), 3(5) बीएनएस एवं 3 (2) (व्ही) एससी/एसटी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, दौराने विवेचना दिनांक 12.06.2025 को आरोपीगण रामरतन पुत्र सरमन लोधी उम्र 46 साल, केरन पुत्र राजाराम लोधी उम्र 33 साल निवासीगण ग्राम पडरा मजरा कुंदनपुर थाना पिछोर को गिरफ्तार कर जेआर पर पेश किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड ने शेष आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिये तथा उनकी गिरफ्तारी पर 10000/-, 10000/- रुपये (दस-दस हजार रुपये) का इनाम घोषित किया गया, तब अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले के निर्देशन एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पिछोर निरीक्षक जितेन्द्र मावई द्वारा टीम गठित कर आरोपी जयकुमार पुत्र रामरतन लोधी उम्र 26 साल निवासी पडरा मजरा कुंदनपुर थाना पिछोर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की तथा आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बोलेरो गाड़ी व आलाजरर जप्त किये गये तथा गिरफ्तारशुदा आरोपी को जेआर पर माननीय न्यायालय पेश किया गया। प्रकरण में शेष आरोपी मुलायम लोधी की तलाश जारी है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी पिछोर जितेन्द्र मावई, उनि. संजय लोधी, सउनि. बालकिशन अहिरवार, सउनि, कमल सिंह बंजारा, प्रआर. 119 भूपेन्द्र सिंह, प्रआर. 507 भानू प्रकाश पाठक, प्रआर. 153 धर्मेन्द्र भट्ट, आर.510 रोहित उपाध्याय, आर.चा. 120 आनन्द लिटौरिया, आर. 109 कप्तान सिंह (18वी. वाहिनी, गनर), आर.957 देशराज गुर्जर, आर. 425 धर्मेन्द्र सिंह, आर. 1039 भूपेन्द्र सिंह, आर. 130 अंकित सिंह, की अहम भूमिका रही।

# जिला प्राधिकरण द्वारा किया गया विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन



**शिवपुरी ब्यूरो।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी राजेन्द्र प्रसाद सोनी के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी की सचिव रंजना चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आवश्यक स्थानों पर गतदिवस विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र वार्ड नं. 4 शिवपुरी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित महिलाओं को माननीय सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली की रिट याचिका नंबर 1156/2024 के संबंध में घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 के अंतर्गत जानकारी देते हुए बताया कि यदि कोई महिला घरेलू हिंस से पीड़ित तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह प्राप्त कर सकती है। कार्यक्रम में उपस्थित आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को बताया गया कि यदि कोई पीड़ित महिला पायी जाती है तो उसे निशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह प्राप्त करने हेतु जिला प्राधिकरण में भेज सकती हैं और अन्य महिलाओं को इस संबंध में जागरूकता फैलाने हेतु जानकारी प्रदान की।इसी प्रकार रेल्वे स्टेशन शिवपुरी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें साथी कैंपेन के अंतर्गत अभियान के बारे में बताया गया। सर्व प्रथम कमेटी गठन एवं कमेटी का ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। उक्त कैंपेन के अंतर्गत जिले में सड़कों पर या बाल देखरेख संस्थाओं में रहने वाले बच्चों की पहचान करना जिसका कार्य पूर्ण हो चुका है एवं अब उनके आधार कार्ड बनाये जाने का कार्य प्रारंभ किया जाना है। आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गयी।इसी प्रकार माननीय सर्वोच्च न्यायालय की रिट नं. 22553/2023 के पालन में कलेक्ट्रेट सभागार शिवपुरी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें उपस्थित महिलाओं को पॉस एक्ट 2013 के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी प्रदान की। साथ ही कार्य स्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीडन् (रोकथाम निवारण प्रतिषेध) अधिनियम, 2013 के बारे में वहां कार्यरत महिलाओं को बताया गया कि यदि कोई भी पीड़ित महिला जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी से निशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह प्राप्त कर सकती हैं।

# ग्वालियर से बेंगलुरु के लिए सीधी ट्रेन सेवा शुरू, स्लीपर कोच में बैठकर शिवपुरी पहुंचे सिंधिया

## बोले- जो मजा स्लीपर कोच में है वो एसी में कहां



**शिवपुरी ब्यूरो।** ग्वालियर से बेंगलुरु के लिए सीधी ट्रेन सेवा की शुरुआत हो गई है। गुरुवार दोपहर 4ः40 बजे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर रेलवे स्टेशन से ट्रेन नंबर 11085/86 ग्वालियर-एसएमवीटी बेंगलुरु साप्ताहिक एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वर्चुअली शामिल हुए। उद्घाटन के दिन विशेष ट्रेन नंबर 01086 ग्वालियर से रवाना हुई, जो 28 जून की सुबह 8ः35 बजे बेंगलुरु पहुंचेगी। ट्रेन शुरू होने से शिवपुरी, गुना, अशोकनगर जैसे अंचल के हजारों यात्रियों को सीधा बेंगलुरु तक ट्रेन सुविधा मिलेगी। ट्रेन के रवाना होने के बाद केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भी इसी ट्रेन से सफर पर निकले। इस दौरान उन्होंने समर्थकों से कहा कि जो मजा यहां है वो एसी कोच में नहीं। यह ट्रेन ग्वालियर से चलकर शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, बीना, विदिशा, भोपाल, नागपुर, काचीगुड़ा, धोन, धर्मावरम होते हुए बेंगलुरु पहुंचेगी। ट्रेन में कुल 22 कोच हैं, जिनमें स्लीपर, एसी जनरल और इकोनॉमी क्लास शामिल हैं। यह ट्रेन सप्ताह में एक दिन चलेगी। नियमित सेवा 4 जुलाई से ग्वालियर और 29 जून से बेंगलुरु से शुरू होगी। ट्रेन लगभग 40 घंटे में गंतव्य तक पहुंचेगी।

**सिंधिया ने ही की थी ट्रेन की मांग**

इस ट्रेन की मांग खुद केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने की थी। उन्होंने 2024 और 2025 में रेल मंत्री को पत्र लिखकर गुना लोकसभा क्षेत्र से बेंगलुरु के लिए सीधी ट्रेन की आवश्यकता जताई थी। उन्होंने बताया था कि इस क्षेत्र के हजारों छात्र और नौकरीपेशा लोग बेंगलुरु जाते हैं और पहले बीना, भोपाल या ग्वालियर जाकर ट्रेन पकडऩी पड़ती है, जिससे 8-10 घंटे का अतिरिक्त समय लगता है।

# तेन्दुए ने खेत पर काम कर रहे किसान पर किया हमला

**शिवपुरी ब्यूरो।** जिले के भौंती थाना क्षेत्र के महोवारत्नपुरा गांव में आज सुबह तेन्दुए ने खेत पर काम कर रहे किसान धीरज कुशवाह पर हमला बोल दिया और उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसके चिल्लाने पर उसके साथ काम रहे लोग बचाने आए तथा उन्होंने लाठियां मारकर किसी तरह तेन्दुए को भगाया जिससे धीरज की जान बच सकी। बताया जाता है कि धीरज कुशवाह का गांव के नजदीक एक खेत हैं। आज सुबह वह अपने भाईयों के साथ खेत पर काम करने के लिए गया। जब वह अपने काम में जुटा था उसी दौरान जंगल से आए एक हिंसक तेन्दुए ने उस पर हमला बोल दिया तथा उसे घायल कर दिया। तेन्दुए के हमले से धीरज को शरीर के कई भागों में गंभीर चोटें आई हैं। उसके चिल्लाने पर साथ में काम कर रहे भाई और मजदूर वहां आए और उन्होंने तेन्दुए को किसी तरह लाठियों से भगाया। इस घटना से गांव में दहशत का वातावरण है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम रेंजर एमएस मीणा के नेतृत्व में मौके पर पहुंची और तेंदुए की तलाश शुरू की। इधर, घायल धीरज को ग्रामीणों की मदद से तत्काल जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

# बैराड़ पुलिस ने एक स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार



**शिवपुरी ब्यूरो।** बैराड़ थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी पोहरी संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में स्थाई/फरार वारंटियो की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान अंतर्गत आज थाना प्रभारी वैराड़ निरीक्षक रविशंकर कौशल को मिली मुखविर सूचना पर से स्थाई वारंटी मीन कुमार बेडिय़ा पुत्र असगर बेडिय़ा उम्र 30 साल निवासी बेडिया मोहल्ला बैराड़ जिला शिवपुरी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया। उक्त कार्रवाई में निरी. रविशंकर कौशल, सउनि. तेजसिंह गौड, सउनि. हरिओम पाण्डे, प्र.आर.हरिओम बर्गे, आर. चेतन राठौर, सुनील कुमार की विशेष भूमिका रही।

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**धौलपुर ब्यूरो।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के अन्तर्गत मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद आव्हाद निवृत्ति सोमनाथ ने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता वाहन निकालकर आमजन को नशें से दूर रहने का संदेश दिया जाएगा। नशा समाज के लिए कंलक है, इसके समाधान के लिए समाज में जागरूकता जरूरी है। उन्होंने कहा कि नशा करने वाले व्यक्ति का शारीरिक व मानसिक विकास नहीं हो पाता है। ऐसे में जागरूकता कार्यक्रमों से समाज के लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया जा रहा है। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी देवेन्द्र सिंह जांगल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मिनी मैराथन वाहन रैली का आयोजन

**धौलपुर ब्यूरो।** पुलिस विभाग एवं सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के सहयोग से आज 4 बजे अपराह्न नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक मिनी मैराथन वाहन रैली निकाली गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री सुमित मेहरड़ा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद धौलपुर आव्हाद निवृत्ति सोमनाथ (आईएएस) एवं जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी श्री देवेन्द्र सिंह जांगल उपस्थित थे। रैली का उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना और उन्हें नशे से मुक्ति के लिए प्रेरित करना है। इस अभियान के माध्यम से हम युवाओं और समाज को नशे की लत से बचाने और उन्हें एक स्वस्थ और सकारात्मक जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित करना चाहते हैं। रैली में शामिल लोगों ने नशा मुक्ति के नारों के साथ शहर की सड़कों पर मार्च किया और लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री सुमित मेहरड़ा ने कहा कि नशा मुक्ति के लिए हमें एकजुट होकर काम करना होगा और युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए हमें उनके साथ जुड़ना होगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद धौलपुर आव्हाद निवृत्ति सोमनाथ (आईएएस) ने कहा कि नशा मुक्ति के लिए हमें समाज में जागरूकता फैलानी होगी और लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताना होगा। उन्होंने कहा कि हमें नशा मुक्ति के लिए एक लंबी लड़ाई लड़नी होगी और हमें इसके लिए तैयार रहना होगा। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी श्री देवेन्द्र सिंह जांगल ने कहा कि नशा मुक्ति के लिए हमें युवाओं को जागरूक करना होगा और उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताना होगा। उन्होंने कहा कि हमें नशा मुक्ति के लिए एक संयुक्त प्रयास करना होगा और हमें इसके लिए एकजुट होना होगा। रैली के अंत में लोगों ने नशा मुक्ति के लिए संकल्प लिया और एक स्वस्थ और सकारात्मक जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया।

**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-प्रापण निविदा सूचना 03/2025 दिनांक 25.06.2025

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| **जेम बिड सं. व दिनांक :** GEM/2025/B/6374844 Dated 24-06-25 | **मात्रा :** 9500 मीटर |
| **विवरण :** LT XLPE केबल 04 कोर 120 वर्ग मिमी. आइटम का पूरा विवरण GeM बोली में संलग्न है | |
| **ईएमडी (रु.):** 1,01,340/- | **निविदा खुलने की तिथि :** 24.07.2025 |

**नोटः 1.** उपरोक्त सभी ई प्रापण निविदाओं का पुरा विवरण-IREPS वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **2.** उपरोक्त निविदाओं हेतु ई- बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप में बिड स्वीकार नहीं कि जायेगी । वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको I.T. Act 2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class III, Digital हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म / लेटरहेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नही किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **4.** संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र हस्ताक्षरित होने चाहिये। **5.** ड्राइंग की कीमत के लिये विनिधान जेड 650 - एवं बयाना राशि (ई.म.डी) जमा करने के लिये विनिधान भंडार 00844517 है। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाईट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **1107/25 (AS)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या :** ELG-08-J06-2025-26 **दिनांक :** 24.06.2025

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य), आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु केवल ऑन लाईन (E-Tendering) द्वारा खुली निविदा आमन्त्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| **टेन्डर संख्या :** ELG-08-J06-2025-26 | **कार्य की अनुमानित लागत :** Rs. 11084728.80 |
| **कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधि :** आईडीएच-आगरा मंडल में आईडीएच में आपूर्ति में सुधार का कार्य। | |
| **कार्य पूरा करने की अवधि :** 08 माह | |

पूरी जानकारी एवं टेन्डर में भाग लेने हेतु **Indian Railways Website www.ireps.gov.in** देखें । टेंडर्स केवल बेव पोर्टल **Indian Railways Website www.ireps.gov.in** पर **15:00 बजे तक दिनांक 30.07.2025** तक टेन्डर डाल सकते है। **1103/25 (C)**

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

**टेन्डर नोटिस नं. 10/2025** **दिनांक : 25.06.2025**

**ई-निविदा सूचना**

वरि.मं.सिग.एवं.दूर.सं.इंजी. ,उत्तर मध्य रेलवे, आगरा भारत द्वारा राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली निविदा" केवल ऑनलाइन माध्यम द्वारा (ई-टेन्डरिंग) आमंत्रित की जाती है:-

| | |
|---|---|
| **ई-निविदा सं.:** आगरा-एसटी-2025-25 | **कार्य की लागतः** ₹ 3,58,43,813.54 |
| **कार्य का नामः** आगरा मंडल पर इलेक्ट्रिक लिफ्टिंग बैरियर के साथ नॉन इंटरलॉक्ड 06 एलसी गेटों [एलसी-16, 28, 97 (ईदगाह-बांदीकुई सेक्शन), एलसी-03 और 25 (मथुरा-अलवर सेक्शन) और एलसी- 371 (मथुरा-अछनेरा सेक्शन)] को इंटरलॉक करने के कार्य के संबंध में एसएंडटी कार्य । | |
| **ई-निविदा सं.:** आगरा-एसटी-2025-26 | **कार्य की लागतः** ₹ 2,65,67,868.96 |
| **कार्य का नामः** आगरा मंडल में दो वर्ष की अवधि के लिए मथुरा स्टेशन, बाद स्टेशन और अछनेरा न्यू जंक्शन पर क्योसन मेक की इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (ई.आई.) प्रणाली का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध का कार्य । | |
| **ई-निविदा सं.:** आगरा-एसटी-2025-27 | **कार्य की लागतः** ₹ 3,07,02,014.10 |
| **कार्य का नामः** (1) आगरा मंडल पर रिलेवलीटी में सुधार के लिए आगरा कैंट स्टेशन पर दोषपूर्ण सिग्नलिंग केबलों को बदलने और (2) आगरा कैंट यार्ड में खेरिया मोड़ आरओबी संख्या 1343/3 के दो नं. स्पैन (1X39.98 m & 1x18.30m) के नवीनीकरण, कार्यों के संबंध में एसएंडटी का कार्य । | |
| **सभी निविदा बन्द दिनांकः** 18.07.2025 | |

निविदा की पूर्ण जानकारी एवं ऑनलाइन जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करे। निविदाकार अपनी निविदा उपरोक्त वर्णित दिनांक को 15.00 बजे तक भारतीय रेलवे की वेबपोर्टल **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन जमा कर सकते है। इस निविदा के अन्तर्गत मैनुअल निविदा स्वीकार नही की जायेगी एवं प्राप्त मैनुअल निविदाओ पर विचार नहीं किया जायेगा। **1108/25(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, विक्रीत भूमि ग्राम बछौरा वार्ड नं पुराना 01 नया 39. सर्वे नं. 607/मिन-8, ए.बी. रोड से दूर सौनचिरैया चौराहे से कत्थामिल तक, तहसील व जिला शिवपुरी जिसका कुल क्षेत्रफल 1500 वर्गफीट है। जिसकी चर्तुसीमा इस प्रकार है कि पूर्व में रास्ता 25 फीट चौडा पश्चिम में अनुपम शुक्ला की भूमि उत्तर में प्लाट राजौरिया तथा दक्षिण में प्लाट अन्य का स्थित है। उक्त संपत्ति को गौरव शिवहरे पुत्र गोविंद शिवहरे निवासी विष्णु मंदिर के पीछे तहसील व जिला शिवपुरी ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र कमाक MP392922021A1307090 दिनांक 26.03.2021 द्वारा श्रीमती कुसुम देवी साव पत्नि स्था श्री महेन्द्र साव निवासी विष्णु मंदिर के पीछे तहसील व जिला शिवपुरी को विक्रय की है। श्रीमती कुसुम देवी साव पत्नि स्वः श्री महेन्द्र साव निवासी विष्णु मंदिर के पीछे तहसील व जिला शिवपुरी ऋण ले रही हैं। यह कि पूर्व का पंजीयत विक्रयपत्र क. 2169 दिनांक 01.02.1999. यधक होने वाले स्वत्य लेख की पूर्व की श्रृंखला है जो कि गुम हो गई है। जिसकी सूचना पुलिस रिपोर्ट दिनांक 26.06.2025 को श्रीमान थाना प्रभारी महोदय को की जा चुकी है। यदि अन्य किसी भी व्यक्ति का अथवा संस्था, शासन का किसी भी प्रकार से उक्त सम्पत्ति में हित निहित हो तो यह इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से सात दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मयः दस्तावेजी साक्ष्य के मेरे कार्यालय पर प्रस्तुत कर देवे अन्यथा किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में उक्त सम्पत्ति को वित्तीय संस्था साम्य बंधक कर लिया जावेगा तथा उक्त सम्पत्ति पर उक्त संस्था का प्रथम भार रहेगा तथा इस सूचना पत्र में दी गई म्याद उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। DATE-26.06.2025.

**सूचक श्री आशीष पुराणिक एडव्होकेट स्वास्तिक रेसीडेंसी शिवपुरी म.प्र.**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीराम फायनेंस कं. लिमिटेड द्वारा वाहन रजि. नं. एम.पी33जेड.ए.3387 जो कि जिला परिवहन कार्यालय शिवपुरी में श्री मंगल आदिवासी पुत्र श्री छोटे आदिवासी नि. ग्राम बले का ताल, सिलानगर जिला शिवपुरी म.प्र. के नाम पंजीकृत है। जो कि श्रीराम फायनेंस कं. लिमिटेड द्वारा वित्त पोषित है। उक्त वाहन की किश्तें बकाया होने से उक्त वाहन को फायनेंस कम्पनी द्वारा अपनी सुपुर्दगी में ले लिया है। वर्तमान में उक्त वाहन को विशाल लोट पुत्र श्री भगतराम लोट नि. वार्ड नं. 18, पुरानी, शिवपुरी शिवपुरी के नाम स्थानांतरित कराये जाने हेतु जिला परिवहन कार्यालय शिवपुरी में स्थानांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी को इस वाहन को स्थानांतरित कराये जाने में आपत्ति हो तो वह 07 दिवस के अंदर जिला परिवहन कार्यालय शिवपुरी में आपत्ति दर्ज करा सकता है।

**जिला परिवहन अधिकारी जिला शिवपुरी म.प्र.**

# अन्त्योदय संबल शिविर कोटपुरा में ग्रामीणों की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का समाधान, जल टंकी से जल्द होगी आपूर्ति शुरू



**धौलपुर ब्यूरो।** कोटपुरा गांव में वर्षों से पेयजल की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविर के माध्यम से राहत की सौगात मिली। अटल सेवा केंद्र कोटपुरा में आयोजित इस शिविर में ग्रामीणजन और जनप्रतिनिधियों ने गांव में निर्मित जल टंकी से जलापूर्ति शुरू न होने की गंभीर समस्या को उठाया। शिविर प्रभारी राजकुमार शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पीएचईडी के कनिष्ठ अभियंता धर्मेंद्र शर्मा से तत्काल रिपोर्ट तलब की। जांच में सामने आया कि जल जीवन मिशन के तहत गांव में जल टंकी का निर्माण तो हुआ है, किंतु फिटिंग और प्लेटफार्म निर्माण के कार्य को कुछ स्थानीय खातेदारों द्वारा बाधित कर दिया गया था। कुछ खातेदारों ने सरकारी जमीन को निजी बताते हुए कर्मचारियों को कार्य से रोक दिया था। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए शिविर प्रभारी ने राजस्व विभाग की टीम के साथ मौके पर निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि जल टंकी सरकारी भूमि पर ही निर्मित है तथा उल्लेखित खातेदारों ने भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा था। मौके पर ही राजस्व टीम द्वारा सरकारी भूमि का चिन्हांकन कर अतिक्रमणकारियों को पाबंद किया गया, और कनिष्ठ अभियंता को अगले ही दिन से जल टंकी के कनेक्शन और आपूर्ति कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए। यह सुनकर ग्रामीणों के चेहरों पर वर्षों बाद संतोष और खुशी की चमक देखी गई। लंबे समय से जो काम ठप था, वह प्रशासन की तत्परता और शिविर के प्रभाव से एक ही दिन में गति पकड़ गया। कोटपुरा निवासी ग्रामीणो ने कहा कि हम सालों से सिर्फ शिकायत कर रहे थे, पहली बार लगा कि हमारी आवाज सुनी भी जा रही है। अब हमारे गांव में भी पानी आएगा। शिविर के दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपुरा में प्रथम कक्षा में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशी बच्चों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया और उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें भी वितरित की गईं, जिससे आयोजन सामाजिक समावेश और शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय बना। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा न केवल योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचा रहा है, बल्कि वास्तविक समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान कर जनता में प्रशासन के प्रति भरोसा मज़बूत कर रहा है।

# सात साल से था नाम गायब, अन्त्योदय शिविर में मुन्नालाल को मिला राजस्व रिकॉर्ड में स्थान

## शाहपुरा में आयोजित अंत्योदय संबल शिविर में हुई त्वरित कार्यवाही, वर्षों से लंबित समस्या का समाधान



**धौलपुर ब्यूरो।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत जिले भर में आयोजित हो रहे जनसेवा शिविर अन्य सेवाओं के साथदृसाथ ज़मीन से जुड़े वर्षों पुराने विवादों और प्रशासनिक उलझनों के समाधान का सशक्त मंच बनते जा रहे हैं। ग्राम पंचायत शाहपुरा में आयोजित शिविर में ग्राम शाहपुरा निवासी मुन्नालाल पुत्र अन्तराम ने उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा के समक्ष अपनी 7 वर्षों से लंबित वेदना रखी। मुन्नालाल ने बताया कि खसरा नंबर 3583, 3592, 3593, 3594, 3595, 3642, 3643, 3644, 3645, 3646, 3647, 3648 (कुल 12 खसरे, रकबा 5.2097 हैक्टेयर) की भूमि में वे और अन्य सहखातेदार पूर्व में रिकॉर्ड में दर्ज थे, किंतु ऑनलाइन जमाबंदी से उनके नाम स्वतः हट गए थे। विगत 7 वर्षों से वे इस त्रुटि के सुधार हेतु विभिन्न कार्यालयों के चक्कर काट रहे थे, किंतु कोई ठोस समाधान नहीं मिल पा रहा था। शिविर में प्रकरण सुनते ही उपखंड अधिकारी डॉ. शर्मा ने तत्परता दिखाते हुए भू-अभिलेख निरीक्षक से रिपोर्ट तलब की तथा मौके पर उपस्थित तहसीलदार देवेन्द्र तिवारी को निर्देशित किया कि समस्त हटे हुए नामों की शुद्धि तत्काल की जाए। निर्देश के अनुपालन में तहसीलदार द्वारा मौके पर ही सभी नामों को पुनः रिकॉर्ड में जोड़ने की कार्यवाही की गई। इससे मुन्नालाल सहित अन्य लाभार्थियों को तात्कालिक राहत मिली और लंबे समय से चली आ रही प्रशासनिक त्रुटि का समाधान संभव हो सका। मैं बहुत परेशान था, कई बार प्रयास करने पर समाधान नहीं मिला। पंडित दीनदयाल अंत्योदय शिविर में एक ही दिन में मेरा नाम रिकॉर्ड में वापस जुड़ गया। मैं जिला कलक्टर और उपखंड अधिकारी का हृदय से आभार प्रकट करता हूँ, मुन्नालाल, लाभार्थी जिला प्रशासन द्वारा संचालित अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ऐसे शिविर जन सेवा के सशक्त केंद्र के रूप में उभर रहे हैं, जहाँ आमजन की पीड़ा को न केवल सुना जा रहा है, बल्कि समाधान भी वहीं दिया जा रहा है।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल विद्युत अभियन्ता (क0वि0), उत्तर मध्य रेलवे, आगरा द्वारा खुली निविदा निम्न विवरणानुसार आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| **निविदा संख्याः** AGCTRDT202512 | **अनुमानित लागतः** रु. 1,90,59,649.00/- |
| **कार्य का नामः** मथुरा-पलवल सेक्शन की तीसरी और चौथी लाइन में स्वचालित सिग्नलिंग कार्य के लिए 17 एलएससी पर विद्युत एटी कार्य का प्रावधान। | |
| **धरोहर राशिः** रु. 2,45,300.00/- | **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 09 माह |

1. निविदा पत्र भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर देखा व भरा जा सकता है।
2. निविदा पत्र सिर्फ भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर दि. 16.07.2025 को 15:30 बजे तक भरा जा सकता है। **1098/25 (ADM)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

# राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा लघु फिल्म प्रतियोगिता 2025 की घोषणा, विजेताओं को मिलेंगे 2 लाख तक के नकद पुरस्कार

**धौलपुर ब्यूरो।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा मानवाधिकार विषय पर आधारित लघु फिल्म प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता सभी आयु वर्ग के नागरिकों के लिए खुली है और इसके लिए फिल्म प्रविष्टियां 31 अगस्त तक ऑनलाइन आमंत्रित की गई हैं। आयोग द्वारा बताया गया है कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य नागरिकों, विशेषकर युवाओं में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता, समझ और संवेदनशीलता बढ़ाना है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी हिंदी या किसी भी भारतीय भाषा में फिल्म बना सकते हैं, बशर्ते उसमें अंग्रेजी या हिंदी में सबटाइटल्स हों। फिल्म की अवधि कम से कम 3 मिनट और अधिकतम 10 मिनट निर्धारित की गई है। इस प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ तीन फिल्मों को क्रमशः 2 लाख, 1.5 लाख और 1 लाख रूपये के नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा, जूरी की सिफारिश पर चार फिल्मों को 50 हजार रुपये की विशेष पुरस्कार राशि के साथ सर्टिफिकेट ऑफ स्पेशल मेंशन भी दिया जा सकता है। फिल्म प्रविष्टियां केवल गूगल ड्राइव के माध्यम से nhrcshortfilm@gmail.com पर ऑनलाइन भेजी जा सकती हैं। यह प्रतियोगिता मानवाधिकारों की संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ-साथ समाज को संवेदनशील बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण नागरिक-केंद्रित पहल है।

# विशेष योग्यजनों को कृत्रिम अंग और उपकरण उपलब्ध कराने के लिए शिविर का आयोजन आज

धौलपुर, 26 जून। निदेशालय विशेष योग्यजन द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल के तहत दिव्यांगजनों को 20 हजार रुपये तक के कृत्रिम अंग और उपकरण उपलब्ध कराने के लिए जिले में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का आयोजन वित्तीय वर्ष 2025 की बजट घोषणा की अनुपालना में हैं, जिसका लक्ष्य एक लाख दिव्यांगजनों को सहायता पहुंचाना है। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी देवेन्द्र सिंह जांगल ने बताया कि शिविरों का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर और उनके जीवन को सुगम बनाना है। संबंधित उपखण्ड अधिकारी और विकास अधिकारी शिविरों की व्यवस्था और अधिक से अधिक दिव्यांगजनों की भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के लिए आधार कार्ड, यूडीआईडी और स्वावलंबन पोर्टल के विशेषज्ञ ई-मित्र संचालक शिविर स्थल पर मौजूद रहेंगे। शिविर 27 जून को पंचायत समिति सैपऊ परिसर में आयोजित किया जाएगा। सभी पात्र दिव्यांगजनों से अनुरोध है कि वे अपने संबंधित सभी दस्तावेज के साथ शिविर में आकर इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने 21 वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर 34 हजार रूपये का राजस्व वसूला




**मुरैना,कांस।** मुरैना जिले के अंतर्गत संचालित स्कूल बस, यात्री बसों की निरंतर अनियमितता संबंधी शिकायतें प्राप्त हो रहीं थी। शिकायतों को कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने गंभीरता से लिया और क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती अर्चना परिहार को जांच के निर्देश दिये। निर्देशों के तहत क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती परिहार ने 26 जून को ट्राफिक सूबेदार श्री मलखान सिंह के सहयोग से मुरैना एवं जौरा शहर की ओर जाने वाले वाहनों के लिए चैकिंग पॉइंट लगाये। इसमें यातायात पुलिस ने भी सहयोग प्रदान किया। चैकिंग अभियान में यात्री, स्कूल वाहन, ओवरलोड, बीमा, फिटनेस आदि अनाधिक्रत 66 से अधिक वाहन पाये। जिसमें सुरक्षा उपकरणों की कमी होने के कारण विभिन्न धाराओं में कार्यवाही सहित 21 वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर 34 हजार रूपये का राजस्व वसूला। इस दौरान 5 मैजिक स्कूल वाहनों को मोटरयान नियमों के अनुसार आवश्यकता अनुसार वैध दस्तावेज नहीं पाये जाने के कारण पुलिस थाना यातायात मुरैना में सुरक्षार्थ रखवाया गया। 05 मैजिक वाहनों से अनुमानित 55 हजार रूपये का राजस्व प्राप्त होने की संभावना है।

# (सफलता की कहानी) जल गंगा संवर्धन अभियान 2025

### जल संसाधन विभाग मुरैना द्वारा 93 दिवसीय कार्य योजना बनाई गई, जनसहयोग, विभागीय अमले एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से निर्मित संरचनाएँ को सुदृढ़ किया गया



**मुरैना,कांस।** जल गंगा संवर्धन अभियान 2025-26 के अंतर्गत जल संसाधन विभाग जिला मुरैना द्वारा 93 दिवसीय कार्य योजना तैयार कर विभाग के अंतर्गत निर्मित संरचनाओं जैसे स्टॉप डेमों, तालाबों तथा नहरों के रखरखाव, साफ-सफाई तथा अतिक्रमण हटाने का कार्य एवं अंतिम सिरे पर कि.मी. माइल स्टोन लगाने का कार्य किया गया। अभियान के तहत विभाग द्वारा जिले के चार कार्यपालन यंत्री कार्यालयों के कार्य क्षेत्रांतर्गत कुल 552 कार्य (नहर एवं स्ट्रक्र्स का रखरखाव एवं साफ सफाई के 499 कार्य, तालाबों के बण्ड की साफ-सफाई एवं रखखाव के 30 कार्य, 22 स्टॉप डेमों की साफ-सफाई एवं रख रखाव कार्य, 01 उद्वहन सिंचाई योजना का साफ-सफाई एवं रखरखाव कार्य) प्रस्तावित किये गये थे। जिनमें से 25 जून 2025 तक कुल 505 कार्य पूर्ण कराये जा चुके है, तथा बकाया 47 कार्य आगामी दिनों में पूर्ण कराये जाने का लक्ष्य है। विभाग द्वारा अभी तक सम्पादित कराये गये समस्त कार्य जन सहयोग, विभागीय अमले तथा जन प्रतिनिधियों के सहयोग से सम्पादित कराये गये। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री ने बताया कि शासकीय मद से इन कार्यों पर कोई व्यय नहीं किया गया। इन कार्यों के सम्पादन से विभाग की निर्मित संरचनायें सुद्रढ एवं साफ सुथरी हुई है, जिससे नहर संचालन के समय किसानों को अंतिम सिरे तक पानी उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। किसानों को समय पर तथा अंतिम छोर तक पानी मिलने से फसलों में अच्छी पैदावार होने से आय में वृद्धि होगी, जिससे किसानों के जीवन स्तर में सुधार होगा। जिले में निर्मित 33 स्टॉप डेमों में से इस अभियान के अंतर्गत 22 स्टॉप डेमों पर जंगल साफ सफाई एवं सामान्य रखरखाव के कार्यो को शामिल किया गया। लक्ष्य के अनुसार इन डेमों पर जन भागीदारी/जन सहयोग, विभागीय अमले तथा जन प्रतिनिधियों को शामिल करते हुये कार्य सम्पादित कराये गये।इन कार्यों से संरचनायें सुदृढ तथा साफ सुथरी हुई है, जिससे ग्रीष्मकाल के लिये पानी का संधारण करने में मदद मिलेगी। जिससे आसपास का जल स्तर बढेगा तथा निस्तार एवं किसानों को सिंचाई के लिये भरपूर पानी मिलेगा।

# अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर आई सी टी सी द्वारा आशा कार्यकर्ताओं को किया जागरूक

### नशीले पदार्थों से अपनों को बचाएं- संदीप सेंगर



**जौरा।** आईसीटीसी सिविल हॉस्पिटल जौरा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर अस्पताल के सभागार में एचआईवी एड्स एवं नशा निवारण पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें बीसीएम श्रीमती मधु सेमिल,आई सी टी सी के परामर्शदाता संदीप सेंगर, मनीकांत शर्मा,संगत संस्था की सुपरवाइजर श्रीमती रूबी शुक्ला, सत्येंद्र बैरागी एवं आशा सहयोगिनी श्रीमती कृष्ण शाक्य, हेमलता बृजवासी, मधु शर्मा, कविता जादौन एवं विभिन्न ग्रामों से आई हुई आशा कार्यकर्ताएं मौजूद थी । संगोष्ठी में बीसीएम श्रीमती मधु सेमिल द्वारा आशा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों में बढ़ते हुए नशे की प्रवृत्ति चिंता का विषय है आज के युग में लोंग दवाइयो का का दुरुपयोग करके भी नशा करते हैं। इसके प्रति हमें लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है,संगोष्ठी के दौरान आईसीटीसी परामर्शदाता संदीप सेंगर द्वारा आशा कार्यकर्ताओं को अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह दिवस नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाता है उन्होंने कहा कि हम सबको नशीले पदार्थों से अपनों को बचाने की जरूरत है क्योंकि वर्तमान समय में युवा वर्ग कई प्रकार के नशे दवाइयों के दुरुपयोग कर कर रहा हैं, नशीली दवाइयों के सेवन के लिए सिरिंज व निडिल के साझे उपयोग से एचआईवी एड्स संक्रमण होने का खतरा बढ़ता है। इस अवसर पर मनीकांत शर्मा द्वारा एचआईवी संकरण होने के चार कारणों पर विस्तार से जानकारी दी तथा उन्होंने कहा कि नशा किसी भी प्रकार का हो वह मनुष्य को गर्त में ले जाता है, नशा नाश की जड़ है इसलिए हम सबको मिलकर लोगों को नशे के प्रति जागरुक करते हुए नशे के दुष्परिणामों से लोगों को अवगत कराना चाहिए।

# कृषि विभाग द्वारा सबलगढ़-जौरा में बीज दुकानों पर छापामार कार्यवाही

### सबलगढ़ व जौरा के 06 बीज विक्रेताओं को नोटिस




**मुरैना,कांस।** खरीफ फसल के लिए बीज खरीदी का कार्य युद्ध स्तर पर जिले में चल रहा है। किसान दुकानों से बीज खरीद रहें है। किसान को उचित दाम एवं उन्नत किस्म का बीज मिले। इसके लिए कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के मार्गदर्शन में प्रभारी उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग श्री अनंत बिहारी सरैया ने विगत दिवस विकासखंड सबलगढ़, जौरा में बीज की दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पंजाब बीज भंडार सबलगढ़, जय किसान बीज भंडार सबलगढ़, हलधर किसान बीज भंडार सबलगढ़, कृष्णा बीज भंडार सबलगढ़ एवं विकासखंड जौरा में सती माँ खाद बीज भंडार, माँ पीताम्बरा बीज भंडार जौरा को अनियमितताओं पाये जाने पर कारण बताओ सूचना पत्र दिया गया। कृषि आदान विक्रेताओं की बैठक विकासखंड सबलगढ़, कैलारस एवं जौरा में ली। तथा उन्हें नियमानुसार विक्रय करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही निर्देश दिए कि भविष्य में यदि अनियमितता के साथ विक्रय किया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगा। इस अवसर पर श्री चंद्रपाल राठौड़, श्री रामनरेश शर्मा एवं संबंधित विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मौजूद थे।

# प्रतिभा चयन कार्यक्रम (टैलेण्ट सर्च)

### एथलेटिक्स (ट्रेक एण्ड फील्ड ईवेंट) का आयोजन 5 जुलाई को

**मुरैना,कांस।** मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण भोपाल के तत्वाधान में प्रदेश में संचालित विभिन्न खेल अकादमियों हेतु प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रतिभा चयन कार्यक्रम (टेलेण्ट सर्च) में खिलाड़ियों का फिटनेस टेस्ट के आधार पर अगले स्तर के लिए एथलेटिक्स (ट्रेक एण्ड फील्ड ईवेंट) खेल में 5 जुलाई 2025 को प्रातः 06 बजे 5वीं बटालियन परिसर मुरैना में चयन किया जायेगा। प्रतिभा चयन में खिलाड़ियों का चयन संचालनालय खेल और युवा कल्याण भोपाल से आने वाली तकनीकि व उच्च प्रशिक्षकों की टीम द्वारा किया जायेगा। संभागीय खेल अधिकारी श्री प्रशांत कुमार कुशवाह ने बताया कि एथलेटिक्स खेल से संबंधित प्रतिभा चयन कार्यक्रम (टैलेण्ट सर्च) में रजिस्ट्रेशन के लिए ऑनलाईन लिंक https://myyouthmp.in/telantsearch/ है, इसके अतिरिक्त ऑफलाइन भी खिलाड़ी अपना स्वयं का रजिस्ट्रशन हेतु आवेदन आवश्यक दस्तावेजों आयु, मूल निवासी/स्थानीय निवासी, चरित्र प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न कर टैलेण्ट सर्च में मूल दस्तावेज लाना अनिवार्य होगा। एथलेटिक्स खेल में रूचि रखने वाले अधिक से अधिक खिलाड़ियों जिनकी आयु 8 से 16 वर्ष के मध्य हो, खिलाड़ी अपने साथ स्वयं का आधार कार्ड, जन्म प्रमाण-पत्र, खेल से संबंधित प्रमाण-पत्र एवं 02 फोटो अनिवार्यतः लाने हेतु सूचित करते हुए सहभागिता दर्ज करायें। आयु की गणना 1 जुलाई 2025 से की जायेगी। प्रतिभा चयन में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को भोजन एवं आने-जाने का व्यय स्वयं वहन करना होगा। प्रतिभा चयन कार्यक्रम (टैलेन्ट सर्च) में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर शासन की योजनाओं का लाभ लेंवे। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी मुरैना में पदस्थ संविदा जिला एथलेटिक्स प्रशिक्षक श्री नरेन्द्र सिंह तोमर के मोबाइल नंबर 7974480880 एवं संविदा ग्रामीण युवा समन्वयक ब्लॉक मुरैना श्री जितेन्द्र कुमार शुक्ला के मोबाइल नंबर 9301065512 से सम्पर्क कर सकते है।

# नशा मुक्ति अभियान के तहत 01 से 26 जून तक खेल कूद प्रतियोगितायें आयोजित कराईं




**मुरैना,कांस।** कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के मार्गदर्शन में मुरैना जिले में 01 जून से 26 जून तक चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न स्थानों एवं निकायों में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत कई कार्यक्रम खेलकूद प्रतियोगिता, योग, चित्रकला, पोस्टर, निबंध लेखन, शपथ ग्रहण समारोह आदि आयोजित किए गए। जिसमें जिले के सभी वर्ग के नागरिकों द्वारा सहभागिता ली गई एवं जिले को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया।

# मैंने आज तक कोई गलत काम न किया है, न करेगें-विधायक पंकज शर्मा

### हमने भूमि स्वामी से जमीन ऋय की है, उसमें न सरकारी है, और न पट्टे की, पूर्व विधायक द्वारा लगाए गए आरोपो को बताया निराधार



**मुरैना,कांस।** जौरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री पंकज उपाध्याय विगत दिवस रसोधना गॉव के कुछ लोगों जबरन जमीन पर कब्जा करने की शिकायत की गई थी, तथा पूर्व विधायक सूबेदार सिंह सिकरवार द्वारा भी उन पर कई आरोप लगाए गए थे, जिसका विधायक जौरा ने खण्डन करते हुए कहा कि मैने व मेरे परिवार ने आज तक न कोई लगत काम किया है और नही करेगें, यह बात उन्होंने अपने निवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। उन्होने कहा कि ग्राम रसोधना हार की जिस 103 बीघा जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने का आरोप लगाया जा रहा है, वह जमीन वर्ष 2013 में रविन्द्र तोमर ने भूमि स्वामियों से विधिवत ऋय की गई थी, उससे मैने व मेरे भाई ने ऋय किया गया है। ऋय की गई जमीन न पट्टे की है और न ही चरनाई शासकीय भूमि है। विधायक ने कहा कि पूर्व विधायक जौरा से चुनाव हारने के कारण बिचलित है, हमने जौरा-कैलारस में अवैध शराब, जुए, और अवैध वसूली को बंद कराया गया है। तथा कैलारस सुगर फैक्ट्री को नीलामी से रूकवाया है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक के पास कोई मुद्दा नही है, इसलिए वे मनगढंत आरोप लगा रहे है।

# विजयपुर में अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर हुए प्रेरणादायक कार्यक्रम

(चम्बल सुर्खि संवाददाता)




**बीरपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय विजयपुर शाखा ने अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय विभाग और जिला प्रशासन श्योपुर के सहयोग से एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें बीके शशि बहन के नेतृत्व में माता-बहनों और बच्चों ने नशा मुक्त जीवन की शपथ ली।उपस्थित सभी लोगों ने न केवल स्वयं को, बल्कि अपने परिवार और समाज को नशे से दूर रखने का दृढ़ संकल्प लिया। कार्यक्रम में नशा मुक्ति को लेकर उत्साहवर्धक नारे लगाए गए, जिसने माहौल को और प्रेरणादायक बनाया। कार्यक्रम में गीता बहन, उर्मिला बहन, रामदेवी बहन, रामदयाल भाई सहित कई माता-बहनों और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# ग्राम नायकपुरा से लापता युवक की तलाश, परिजन परेशान, कहीं दिखाई दे तो इन नंबरों पर दें सूचना



**मुरैना,कांस।** ग्राम रामनाथ सिंह का पुरा, नायकपुरा निवासी एक युवक पिछ्ले कुछ दिनों से लापता है, जिससे परिजनों में भारी चिंता का माहौल है। जानकारी के अनुसार सन्नी सिंह कंसाना उर्फ छोटू, पुत्र लाखन सिंह कंसाना, बिना किसी को बताए अचानक घर से कहीं चला गया है। परिजनों ने उसे रिश्तेदारों, दोस्तों और परिचितों के यहाँ काफी तलाशा, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों द्वारा युवक की गुमशुदगी की रिपोर्ट संबंधित थाने में भी दर्ज करवा दी गई है। सन्नी की पहचान कराने हेतु उसका फोटो सार्वजनिक किया गया है। यदि किसी सज्जन को युवक के बारे में कोई जानकारी मिलती है तो कृपया निम्नलिखित मोबाइल नंबरों पर संपर्क करें : 9399343858, 8962251242, 8770323367 परिजनों ने आमजन से अपील की है कि यदि युवक कहीं नजर आए तो उन्हें अवगत कराएं, जिससे वह सकुशल घर लौट सके।

# लालौर फाटक के पास GT एक्सप्रेस पर पथराव, आधा दर्जन यात्री घायल

**मुरैना,कांस।** मुरैना जिले के लालौर फाटक के पास गुरुवार देर शाम GT एक्सप्रेस ट्रेन पर हुए पथराव में एक पुलिसकर्मी सहित करीब आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। इस घटना से यात्रियों में दहशत फैल गई और उन्होंने कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। जानकारी के अनुसार, पथराव में एक यात्री अरविंद सिंह राजपूत के सिर में चोट आई, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। अन्य घायल यात्रियों को भी मामूली चोटें आई हैं। यात्रियों ने इस घटना पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि अपराधियों में कानून का कोई खौफ नहीं है। उन्होंने बताया कि तज्ञ एक्सप्रेस और शताब्दी एक्सप्रेस, दोनों ट्रेनों के लगभग एक ही समय पर आने के कारण अक्सर इस इलाके में पथराव की घटनाएं होती रहती हैं। रेलवे सुरक्षा बल (RPF) के इंस्पेक्टर अमित कुमार चौधरी ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम गठित कर दी गई है और अगले 2-4 दिनों में इस मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। पुलिस और आरपीएफ मिलकर इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की बात कह रहे हैं।

# वृद्ध सहित अलग-अलग तीन लोग फांसी पर झूले

**मुरैना,कांस।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो में एक वृद्ध सहित तीन लोगो ने फांसी का फन्दा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जौरा थाना क्षेत्र के टेलीफोन एक्सचेन्स के पास एमएस रोड जौरा निवासी यशवंत त्यागी पुत्र श्रीराम उम्र 70 साल ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी का फन्दा लगाकर झूल गया जिससे उसकी मौत हो गई। सबलगढ थाना क्षेत्र के रहू का पुरा में चन्द्रपाल सिंह पुत्र रामनाथ उम्र 38 साल ने अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर झूल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इसी प्रकार चिन्नौनी थाना क्षेत्र के खजूरी रोड अम्बाह निवासी मोहन पुत्र रामदास राठौर उम्र 32 साल ने अपने घर पर फांसी का फन्दा लगा लिया था, जिसकी जानकारी परिजनो को मिली तो वे उसका फन्दा निकालकर उसे उपचार के लिए उप स्वास्थ्य केन्द्र कैलारस ले गए जहॉ चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। संबंधित थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।



# गौरी एंटरप्राइजेज के भव्य शोरूम का उद्घाटन आज

**मुरैना,कांस।** मुदगल ग्रुप आफ कंपनी के नवीन प्रतिष्ठान गौरी इंटरप्राइजेज का शुभारंभ आज जरेरुआ धाम के महा मंडलेश्वर श्री श्री 1008 नागाजी महाराज श्री हरिदास जी के कर कमलों द्वारा दोपहर 12ः00 बजे मुद्गल भवन जेल के पास मुरैना में होगा युक्त आशय की जानकारी प्रतिष्ठान के संचालक कपिल देवेंद्र प्रकाश मुद्गल ने दी उन्होंने बताया कि नवीन शोरूम पर उच्च क्वालिटी का पेंट मिलेगा ।

# नशा से मनुष्य का शारीरिक व मानसिक पतन होता है - मोहसिना खान




(चम्बलसुर्खि संवाददाता)

**सबलगढ़।** श्री अजय कुमार चौहान द्वितीय जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति सबलगढ़ के निर्देशानुसार सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सबलगढ़ में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित सुश्री मोहसिना खान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा नालसा (डॉन नशा मुक्त भारत के लिए नशीली दवाओं के प्रति जागरूकता और कल्याण मार्गदर्शन) योजना 2025 के अंतर्गत नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अनैतिक तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को नशे की दुष्प्रभावों और उससे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी प्रदान करने साथ साथ बताया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक पतन का कारण बनता है. अगर व्यक्ति को उन्नति के पथ पर अग्रसर होना है तो इसके लिए हमेशा सभी प्रकार के नशों से हमेशा दूरी बनाए रखनी चाहिए। उक्त आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य श्री ब्रह्मानंद शर्मा सहित समस्त विद्यालय स्टाफ एवं बो ऑफिस से श्री हरिओम मरैया उपस्थित रहे।

# हाईकोर्ट परिसर में प्रतिमा लगाने के मुद्दे पर कांग्रेस का उपवास, भाजपा पर साधा निशाना



**ग्वालियर।** ग्वालियर हाईकोर्ट परिसर में प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर कांग्रेस ने आज उपवास कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मंत्री बालेंद्र शुक्ला, पूर्व मंत्री भगवान सिंह यादव सहित अन्य गणमान्य नेताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कांग्रेस नेताओं ने इस पूरे प्रकरण को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सोची-समझी रणनीति बताया। दिग्विजय सिंह ने कहा, यह सब भाजपा का रचा हुआ खेल है। वे भाई-भाई को लड़ाकर देश की राजनीति करते हैं। सिंघार ने आगे कहा कि ÷देश के महापुरुषों का अपमान करना उनका (भाजपा का) प्रमुख काम है। नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा जानबूझकर ऐसे मुद्दों को हवा देती है जिससे समाज में वैमनस्य बढ़े और वे राजनीतिक लाभ उठा सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग को आगे बढ़ाएगी और महापुरुषों के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। यह उपवास कार्यक्रम हाईकोर्ट परिसर में प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन का हिस्सा है।

# विष्णु की ट्रेक्टर से दिव्यांश की तालाब में गिरने से मौत

**मुरैना,कांस।** अम्बाह थाना क्षेत्र के सुखध्यान का पुरा में में खेल रहे तीन वर्षीय बालक विष्णु पुत्र सत्यवीर सिंह तोमर को ट्रेक्टर चालक गुड्डू तोमर निवासी रामगढ मौजा रावतपुरा ने ट्रेक्टर को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बालक की मौत हो गई। थाना पुलिस ने फरियादी सत्यवीर सिंह तोमर की रिपोर्ट पर से आरोपी वाहन चालक के खिलाफमामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। इसी प्रकार सबलगढ थाना क्षेत्र के रामपुर रोड सिद्ध नगर में निवास करने वाले वृजमोहन प्रजापति का 4 वर्षीय पुत्र दिव्यांश छत पर खेल रहा था कि उसी दौरान वह छत से तालाब में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। थाना पुलिस ने फरियादी वृजमोहन प्रजापति की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# जिला जेल मुरैना में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर संपन्न

**मुरैना,कांस।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना श्रीमती संगीता मदान के द्वारा 25 जून 2025 को जिला जेल मुरैना में जेल निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता, जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जेल निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती संगीता मदान द्वारा उपस्थित बन्दियों को निःशुल्क विधिक सहायता, सलाह, मध्यस्थता, लोक अदालत के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुरैना श्री अंजय सिंह, न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना श्री आशीष शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मुरैना श्री अमिता प्रताप सिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री बृजेन्द्र सिंह भदौरिया एवं सहायक अधीक्षक जिला जेल मुरैना श्री सुनीत शर्मा उपस्थित थे।

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश अनंत संभावनाएं उद्योग एवं रोज़गार वर्ष 2025

MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

MSME

युवा मिशन

# कौशल, विकास और उद्यमशीलता के स्वर्णिम पथ पर मध्यप्रदेश



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

## रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट कॉन्क्लेव

## RISE शुभारंभ

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

द्वारा

**27 जून 2025 । प्रातः 11:00 बजे । पोलो ग्राउंड, रतलाम**

### प्रमुख आकर्षण

- ₹ 2012 करोड़ से अधिक लागत की 94 औद्योगिक इकाइयों और क्लस्टर्स का भूमिपूजन/लोकार्पण
- 288 एमएसएमई इकाइयों के लिए ₹ 270 करोड़ की प्रोत्साहन राशि का वितरण
- 140 वृहद औद्योगिक इकाइयों को ₹ 425 करोड़ की वित्तीय सहायता का वितरण
- 538 एमएसएमई इकाइयों को भू-खंड आवंटन पत्र वितरण
- ₹ 6000 करोड़ से अधिक निवेश करने व 17600 से अधिक रोज़गार देने वाली 35 वृहद औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन हेतु आशय पत्र वितरण
- 4 लाख से अधिक हितग्राहियों को स्व-रोज़गार के लिए ₹ 3861 करोड़ का ऋण वितरण
- थीमैटिक सेशन
- वन-टू-वन मीटिंग
- एमओयू एक्सचेंज
- प्रदर्शनी

### फोकस सेक्टर

- कृषि, खाद्य प्रसंस्करण एवं डेयरी
- जेम्स एंड ज्वेलरी
- नवीकरणीय ऊर्जा
- फार्मा, बायोटेक, रसायन
- लॉजिस्टिक्स
- पर्यटन एवं टेक्सटाइल

D-11054/25

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhypradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी